● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 198, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 30 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



गुलाम नबी अपने ही नेताओं का नहीं करेंगे प्रचार 5

विंडीज गेंदबाज शैनन गेब्रियल का सन्यास 6

## मंत्रिपरिषद की बैठक में महिला सुरक्षा समेत अहम मुद्दों पर मंथन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ मैराथन बैठक की। बैठक में मंत्रियों के अलावा नौकरशाह भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने सरकार में शामिल सहयोगी मंत्रियों और नौकरशाहों को महिलाओं और गरीबों से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं को दूर करने के लिए सामाजिक नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में पीएम मोदी की अध्यक्षता में लगभग पांच घंटे की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के एजेंडे पर हुई प्रगति का जायजा लिया गया। पीएम मोदी ने मंत्रियों और शीर्ष नौकरशाहों से कहा, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में अच्छा काम किया है। अगले पांच वर्षों तक भी इसी गति से काम करेंगे। उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों से कहा कि उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया है कि विकास उसी गति से जारी रहेगा जैसा कि पिछले दशक में रहा क्योंकि उन्हें उन पर भरोसा है। बैठक में बुनियादी ढांचे और युवाओं के बीच कौशल में सुधार को लेकर हो रहे प्रयासों पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा, बुनियादी ढांचे और कौशल क्षेत्रों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए गतिशक्ति मंच और मिशन कर्मयोगी का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए।

सूत्रों के मुताबिक बैठक के दौरान महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों के सचिव भी शामिल हुए। बता दें कि पीएम मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के साथ विगत 9 जून को शपथ ली थी। पदभार संभालने के लगभग 80 दिनों के बाद हुई मैराथन बैठक में पीएम मोदी ने नई योजनाओं और नीतिगत निर्णयों के बारे में जागरुकता फैलाने पर जोर दिया। बता दें कि लगातार तीसरी बार सत्ता संभाल रहे प्रधानमंत्री मोदी की टीम में इस बार तेदेपा और जदयू जैसे सहयोगी दलों के मंत्री भी मौजूद हैं। 100 दिवसीय एजेंडे पर आधारित सरकार की भावी नीतियों और योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अलग-अलग मंत्रालयों की तरफ से प्रस्तुति दी। सरकार के प्रमुख फैसलों पर निवर्तमान कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने प्रस्तुति दी। बता दें कि गौबा का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनकी जगह अब टीवी सोमनाथन अगले कैबिनेट सचिव का पदभार संभालेंगे। गौबा के अलावा बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने को लेकर हो रहे कामकाज पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 2047 तक विकसित भारत के लिए कौशल विकास रूपरेखा पर एक प्रस्तुति दी।

## ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड पैन एप्लीकेशन के लिए वैध होगा

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, इससे थर्ड जेंडर्स को आधार लिंक करवाने में आसानी होगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पैन कार्ड एप्लीकेशन के लिए ट्रांसजेंडर पर्सन्स एक्ट 2019 के तहत जारी पहचान प्रमाण पत्र (आइडेंटिटी कार्ड) को वैधता दे दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट यह जानकारी दी है। अब ट्रांसजेंडर अपने जेंडर आईडी कार्ड से पैन के लिए अप्लाई कर सकेंगे। इससे उन्हें पैन और आधार लिंक करवाने में आसानी होगी।

दरअसल, एक ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद ने 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। इसमें केंद्र से आधार कार्ड की तरह पैन कार्ड पर तीसरे जेंडर की अलग कैटेगरी का ऑप्शन देने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि ट्रांसजेंडर पैन और आधार को लिंक करवा सकें। इस पर



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 के तहत जारी किए गए पहचान पत्र और जेंडर चेंज सर्टिफिकेट को पैन कार्ड आवेदन के लिए वैध डॉक्युमेंट मानने का सुझाव दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बताया है कि केंद्र ने उसके सुझाव को मान लिया है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने बताया कि याचिका के लंबित रहने के दौरान हमने सरकार से जवाब मांगा था। अब सरकार ने बताया है कि उन्होंने याचिका में उठाई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है। अब ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 की धारा 6 और 7 के तहत जारी किया जाने वाला सर्टिफिकेट मंजूर होगा। यह जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी किया जाता है।

बिहार की सोशल एक्टिविस्ट ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद ने केंद्र सरकार से पैन कार्ड पर एक अलग थर्ड जेंडर कैटेगरी ऑप्शन देने की मांग की थी। ताकि ट्रांसजेंडर इसे आधार कार्ड से लिंक करके सटीक पहचान प्रमाण पत्र बना सकें। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह पैन को आधार से लिंक नहीं करवा पा रही हैं, क्योंकि उसमें थर्ड जेंडर का विकल्प नहीं है।

## भारत डीओजेओ यात्रा कमिंग सून : राहुल

### राहुल गांधी ने मार्शल आर्ट का वीडियो शेयर कर कहा- युवा इससे जुड़ें, उनमें हिंसा नहीं, जेंटलनेस हो

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट का एक फॉर्म) करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर की गई पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है- भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून। डोजो यानी मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग सेंटर या स्कूल, जहां सेल्फ डिफेंस के लिए अलग-अलग मार्शल आर्ट के फॉर्म



सिखाए जाते हैं। इस पोस्ट से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल जल्द ही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग के लिए कोई पहल करने वाले हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, जब हम हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे थे, तो हमारे कैम्प में हर शाम जिउ-जित्सु प्रैक्टिस का रूटीन था। यह फिट रहने का एक सीधा सा तरीका था। लेकिन यह जल्दी ही एक कम्युनिटी एक्टिविटी में बदल गया। हम जिस शहर में रुकते वहां यात्रा में शामिल लोग और उन शहरों के यंग मार्शल आर्ट स्टूडेंट्स शामिल होते थे।

हमारा मकसद इन युवाओं को इस जेंटल आर्ट की खूबसूरती बताना था। मेडिटेशन, जिउ-जित्सु, आइकिडो और नॉन वॉइलेंट टेक्नीक्स का कॉम्बिनेशन है। हम चाहते थे कि हिंसा की जगह उनमें जेंटलनेस हो, जिससे उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने में मदद मिल सके। इस राष्टीय खेल दिवस पर मैं आप सभी से अपना अनुभव शेयर करना चाहता हूं, उम्मीद है कि आप में से कुछ लोग जेंटल आर्ट की प्रैक्टिस के लिए इंस्पायर होंगे।

## कंगना रनोट भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिलीं

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट गुरुवार (29 अगस्त) को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने पहुंचीं। दिल्ली में नड्डा के आवास पर करीब आधे घंटे रहने के बाद कंगना वहां से निकल गईं। किसान आंदोलन पर बयान के बाद भाजपा के किसी बड़े नेता से कंगना की यह पहली मुलाकात थी। कंगना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि किसान आंदोलन के दौरान प्रोटेस्ट के नाम पर रेप और मर्डर हुए। अगर सरकार मजबूत ना होती तो पंजाब बांग्लादेश हो जाता।

### असम में मुस्लिम शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन जरूरी

## बाल विवाह और काजी सिस्टम खत्म होगा : हिमंत

**डिसपुर।** असम विधानसभा ने गुरुवार (29 अगस्त) को मुस्लिम शादियां और तलाक रजिस्टर करने वाले 90 साल पुराने कानून- असम मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1935 को रद्द करने का बिल पास किया। इस बिल का नाम असम कंपल्सरी रजिस्ट्रेशन ऑफ मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स बिल, 2024 है।

पुराने कानून के रद्द किए जाने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों को शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। 22 अगस्त को असम कैबिनेट ने इस



बिल को मंजूरी दी थी। इसे लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह विधेयक पार्टी की राजनीति से ऊपर है। अब हमारा अगला लक्ष्य बहुविवाह पर बैन लगाना है। विपक्ष ने असम सरकार के इस फैसले को मुस्लिमों के प्रति भेदभावपूर्ण बताया है। विपक्ष का कहना है कि चुनावी साल में वोटर्स का ध्रुवीकरण करने के लिए इस एक्ट को लाया गया है। मुस्लिम शादी का रजिस्ट्रेशन अब काजी नहीं सरकार करेगी। बाल विवाह के पंजीकरण को अवैध माना जाएगा।

विधानसभा में इस बिल पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बाल विवाह खत्म करना नहीं है। हम काजी सिस्टम भी खत्म करना चाहते हैं। हम मुस्लिम शादी और तलाक को सरकारी तंत्र के तहत लाना चाहते हैं।

## पूजा खेडकर को 5 सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टाल दी है। पूजा के जवाब पर विचार करने और नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने और समय मांगा है।

इसके बाद जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने पुलिस को निर्देश दिया कि आगे की कार्यवाही लंबित रहने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए।

## नेताओं से पूछकर फैसला नहीं सुनाते : सुप्रीम कोर्ट

### सियासी लड़ाई में कोर्ट को न घसीटें, तेलंगाना सीएम ने कहा था- कविता को बेल भाजपा-बीआरएस की डील

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के एक बयान पर उन्हें जमकर फटकार लगाई। दरअसल, दिल्ली शराब नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता को जमानत दे दी। रेवंत ने इसे बीआरएस और बीजेपी की डील बताया था। इस पर जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने रेवंत रेड्डी के वकील मुकुल रोहतगी से पूछा- क्या आपने अखबार में पढ़ा कि उन्होंने (रेवंत) क्या कहा? कोर्ट ने कहा- सियासी लड़ाई में कोर्ट को घसीटना ठीक नहीं है। कोर्ट नेताओं से पूछकर फैसले नहीं सुनाती। ऐसे बयान लोगों के मन में आशंका पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट 2015 के कैश-फॉर-वोट घोटाले से जुड़े केस को भोपाल ट्रांसफर करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी एक आरोपी हैं।

## डॉक्टर्स के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला : ममता

### उन्हें कभी नहीं धमकाया, उनका प्रोटेस्ट सही है, मुझ पर लगाए जा रहे आरोप गलत

**कोलकाता।** बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को कभी नहीं धमकाया। ममता ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स को धमकाया है। ये सरासर झूठ है।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता ने बंगाल के उन जूनियर डॉक्टर्स को धमकाया, जो 21 दिन से हड़ताल पर हैं। ये डॉक्टर्स आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के



केस में न्याय की मांग कर रहे हैं। इन्होंने अस्पताल में काम के बेहतर माहौल और सुरक्षा पर भी कदम उठाने की मांग की है। डॉक्टर्स ने 10 अगस्त को हड़ताल शुरू की थी। 27 अगस्त को छात्रों ने नबन्ना मार्च निकाला था। इसमें पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस कार्रवाई के विरोध में 28 अगस्त को भाजपा ने बंगाल बंद बुलाया। इसमें भाजपा नेताओं पर फायरिंग हुई, बम फेंके गए और पत्थरबाजी हुई। ममता ने लिखा, मुझे पता लगा है कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में मेरे खिलाफ गलत खबरें चलाई जा रही हैं। इनमें उस स्पीच का हवाला दिया गया है, जो मैंने 28 अगस्त को छात्रों के बीच दी थी।

मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि मैंने मेडिकल छात्रों और उनके अभियान के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। कुछ लोग मुझ पर ऐसे आरोप लगा रहे हैं। ये झूठ है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती हूं। उनका प्रदर्शन सही है।

## गुजरात में 939 सड़कें बंद, बाढ़ में फंसी क्रिकेटर राधा यादव का रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने गुरुवार (29 अगस्त) को गुजरात, उत्तराखंड समेत 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में पिछले 4 दिन से मूसलाधार बारिश हो रही है। गुजरात में बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 28 लोगों की मौत हुई है। 18 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सीएम भूपेंद्र पटेल को फोन करके हालात का जायजा लिया।

भारतीय महिला टीम की स्पिनर राधा यादव और उनका परिवार वडोदरा में बाढ़ में फंस गया था। उन्हें बुधवार को नेशनल



डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स ने रेस्क्यू किया। राज्य में 7 नेशनल हाइवे, 66 स्टेट हाइवे, 92 अन्य सड़कें और 774 पंचायत सड़कें मिलाकर कुल 939 सड़कें बंद हैं। 238 तहसीलें भारी बारिश के चलते आई बाढ़ की चपेट में हें। दिल्ली में भी बुधवार रात से भारी बारिश हो रही है। इससे दिल्ली, एनसीआर और नोएडा के कई इलाकों में पानी भर गया है।

## शिवाजी प्रतिमा गिरने पर शिंदे-फडणवीस और पवार ने माफी मांगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार (29 अगस्त) को सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की 8 महीने पुरानी प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी। इसके साथ ही उन्होंने जल्द एक बड़ी मूर्ति बनवाने का भी ऐलान किया। इससे पहले डिप्टी सीएम अजित पवार ने भी महाराष्ट्र की जनता से माफी मांगी थी। वहीं शिवाजी की मूर्ति गिरने पर अजित पवार वाली एनसीपी ने पूरे राज्य में मौन विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर अजित पवार बोले कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिवाजी महाराज की प्रतिमा 26 अगस्त को दोपहर 1 बजे गिरी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर, 2023 को नेवी डे पर इसका उद्घाटन किया था।

## वाईएसआरसीपी के 2 राज्यसभा सांसदों का इस्तीफा

### टीडीपी में शामिल हो सकते हैं, अब जगन की पार्टी के 9 राज्यसभा सांसद रह जाएंगे

**नई दिल्ली।** वाईएसआर जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के 2 राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार (29 अगस्त) को पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया। मोपीदेवी वेंकटरमण और बेदा मस्तान राव ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपना इस्तीफा सौंपा। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बाद वाईएसआरसीपी को यह बड़ा झटका है। दोनों नेताओं की चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी मे शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इन सांसदों के जाने के बाद, वाईएसआरसीपी के पास राज्य सभा



में 9 और लोकसभा में 4 सांसद रह जाएंगे। मोपीदेवी वेंकटरमण 2020 में राज्यसभा सांसद बने और जून 2026 तक कार्यकाल था। वेंकटरमण जगन मोहन रेड्डी के पिता, दिवंगत वाईएस राजशेखर रेड्डी की सरकार में राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। 2019 में वेंकटरमण टीडीपी से वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए थे। वहीं बेदा मस्तान राव 2022 में राज्यसभा सांसद बने और जून 2028 में कार्यकाल समाप्त होना था। राव कांग्रेस पार्टी से वाईएसआरसीपी में शामिल हुए थे।


## प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर किया गौरवान्वित

### ओलम्पिक एवं एशियन गेम्स में हुआ प्रदेश का नाम रोशन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक और एशियन गेम्स में पदक जीतकर कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का हुनर निखारने के लिये अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल अधोसंरचना, आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण, खेल उपकरण और विदेश में प्रशिक्षण दिलाने के साथ 18 खेलों की 11 खेल अकादमियाँ स्थापित की गई हैं। टोकियो ओलंपिक-2020 जापान में प्रथम बार मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 10 खिलाड़ियों द्वारा देश का प्रतिनिधित्व किया गया। श्री विवेक प्रसाद सागर एवं श्री नीलाकांत शर्मा काँस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी दल के सदस्य रहे।

हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक में प्रदेश से हॉकी के श्री विवेक प्रसाद सागर, शूटिंग के श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह और पैरा ओलंपिक गेम्स में जूडो के श्री कपिल परमार, केनो की सुश्री प्राची यादव और सुश्री पूजा ओझा द्वारा प्रतिभागिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हॉकी खिलाड़ी श्री विवेक सागर को पेरिस ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतने पर 1 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि से नवाजा है।

19वें एशियन गेम्स-2023 में हांगजाउ, चाइना में प्रदेश के



खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 5 रजत, 3 काँस्य, कुल 14 पदक अर्जित कर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह, पूजा वस्त्रकार, सुदीप्ति हजेला, विवेक प्रसाद सागर, आवेश खान ने प्रदेश का नाम रोशन किया। एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। इसी प्रकार पैरा-एशियन गेम्स में प्रदेश की सुश्री प्राची यादव, मनीष कौरव और कु. रूबिना फ्रांसिस ने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। प्रदेश में स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ाने तथा प्रदेश को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिये नाथूबरखेड़ा भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट कॉम्पलेक्स का निर्माण 2 चरणों में किया जा रहा है। इसके लिये 985 करोड़ 76 लाख रुपये निर्धारित किये गये हैं। प्रथम चरण में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एथलेटिक, फुटबाल एवं हॉकी के स्टेडियम तथा द्वितीय चरण में मल्टीपर्पस इंडोर स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल एवं अन्य आउटडोर प्ले-फील्ड का निर्माण किया जा रहा है। स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट साइंस सेंटर की स्थापना भी की जायेगी। तृतीय चरण में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण भी होगा।

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 18 हॉकी टर्फ का निर्माण किया गया है। 9 टर्फ का कार्य इसी वर्ष पूर्ण होगा। प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 7 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रेक निर्मित हैं। 5 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रेक निर्माणाधीन हैं, जिन्हें इसी वर्ष पूरा किया जायेगा। प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण किया जायेगा। खेल विभाग के वर्तमान में 111 स्टेडियम/खेल प्रशिक्षण केन्द्र निर्मित हैं तथा 56 खेल स्टेडियम/ प्रशिक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में संचालित खेल अकादमियों के खिलाड़ियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 37 स्वर्ण, 18 रजत, 15 काँस्य, कुल 70 पदक एवं 68 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिनिधित्व कर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रदेश सरकार कटिबद्ध है : राज्य मंत्री

## खनुआ में एनटीपीसी सीएसआर मद से नव निर्मित बालिका छात्रावास का राज्यमंत्री ने किया लोकापर्ण

**सिंगरौली।** राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन श्रीमति राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं सांसद सीधी सिंगरौली डॉ राजेश मिश्रा सांसद के अध्यक्षता तथा देवसर विधानसभा के विधायक राजेंद्र मेश्राम कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी विंध्याचल ई सत्य फाणि, भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरान गुप्ता के विशिष्ठ अतिथि में एनटीपीसी विंध्याचल सी एस आर के सौजन्य खनुआ में नव निर्मित नेता जी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास लोकापर्ण विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया ।



समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं जन समूह को संबोधित करते हुयें राज्य मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा स्वास्थ कृषि के बढ़ावा हेतु संकल्पित है।उन्होंने उपस्थिति छात्रा छात्राओं से कहा की आगे बढ़ चढ़कर पढ़ाई करें। प्रदेश सरकार के द्वारा छात्राओं के लिए हर क्षेत्र में आरक्षण निर्धारित किया गया है । आप लोग पढ़ा कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करें । उन्होंने ने एनटीपीसी अधिकारियों को भी छात्रावास बनाए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कलेक्टर को स्मार्ट क्लासेस चलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वही एनटीपीसी के अधिकारी को छात्रावास का बचा हुआ कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ छात्रवास को एनटीपीसी को गोद लेने का आग्रह किया। समारोह में सीधी सिंगरौली के सांसद डॉ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा की जो देश को ऊर्जा प्रदान कर रही है एनटीपीसी उनके द्वारा जिले की शिक्षा को बेहतर बनाने एवं बच्चियों के उत्तम शिक्षा के लिए यह छात्रवास बनाया गया है इसके लिए मै एनटीपीसी प्रबंधन को साधुवाद देता हू। उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारयों को बधाई दिया साथ ही छात्रवास में जो छोटी छोटी कमियां है शीघ्र दूर करने की अपेक्षा की। वही छात्रावास का संचालन कर रहे व्यवस्थापको से आग्रह किया की बच्चियों को देख रेख के साथ साथ समावेसी शिक्षा प्रदान करें । ये छात्राएं हमारे देश के कर्णधार है। समारोह में विधायक देवसर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे जब पहली बार विधायक रूप में इस क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला तो यह के ग्रामीण जानो ने बच्चियों के शिक्षा हेतु इस विद्यालय में बालिका छात्रावास बनाए जाने हेतु मांग किया गया था यह सपना आज पूरा हुआ इसके लिए मै एनटीपीसी के अधिकारियों को धन्यवाद देता हू। वही छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक शिक्षा के महत्व के संबंध में अवगत करते हुए छात्र छात्राओं पूरे मनोयोग से शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा अनेक जनकल्याणी योजनाएं संचालित कर पत्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है । उन्होंने विद्यालयों के गुरुजनों से अपेक्षा किया की समय पर विद्यालय उपस्थित रहकर छात्रो को शिक्षा प्रदान कर अपने कर्तव्यों का पालन करें । उन्होंने ने उपस्थित जन समूह को बताया की दोनो सिंचाई परियोजना हेतु कार्य प्रगति पर है जिसका किसानों को आने वाले समय लाभ प्राप्त होगा ।

समारोह में कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा की आज चाहे बोर्ड की परीक्षा हो या अन्य प्रतियोगिताएं शिक्षा के हर क्षेत्र में बेटिया देश का नाम रोशन कर रही है। सभी छात्र छात्राओं को विद्यालयों में निशुल्क पुस्तकें गणवेश सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है । उन्होंने अभिभावको से अपील किया की बच्चियों को विद्यालय आवश्य भेजे ताकि ये उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। इनके शिक्षा के लिए समुचित व्यवस्था कराई गई है । इस अवसर पर एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ अनिल तिवारी, डीपीसी आर एल शुक्ला , वन विभाग के एसडीओ सोनवानी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रविन्द्र सिंह, एनटीपीसी के अधिकारी राकेश अरोड़ा मुख्य महाप्रबधक एच आर विकास कुमार सिंह, उप महाप्रबाधक मेहताव आलम ,सरपंच मोतीलाल शाह , वरिष्ट समाज सेवी दिलशरण सिंह , के डी बैस, गोविंद प्रसाद बैस, सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक छात्र छात्राएं बड़ी सख्या अभिभावक गण, आम जन उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि ने गरीब का उजाड़ा आशियाना, बेघर हुआ ग्रामीण



### घर गिरने से मलबे में दबी खाद्य सामग्री, अन्य सामान भी हुआ नष्ट,पीड़ित ने मदद की लगाई गुहार

**सिंगरौली।** लगभग एक दशक के बाद लगातार हो रही अच्छी बारिश से कहीं फायदा तो कहीं नुकसान भी देखने को मिल रहा है।कहीं प्रकृति का स्वरूप लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है तो कहीं प्रकृति का रौद्र रूप कहर भी बरपा है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां चितरंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र कुसाही के ग्राम बड़गड़ा में 28अगस्त को लगातार हो रही बारिश के चलते मटेरन साकेत का घर भरभरा कर गिर पड़ा।गनीमत यह रही कि जब घर गिरा उस दौरान किसी भी तरह से जीव या जन की हानि नहीं हुई, वहीं घर में रखा हुआ खाने पीने का समान सहित अन्य सामग्री मिट्टी में दब जाने से नष्ट हो गई।ऐसे में मटेरन साकेत का आशियाना उजड़ जाने से पीड़ित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होकर शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।हालांकि उक्त घर के गिरने के संबंध में जैसे ही सरपंच कुसाही जय सिंह को जानकारी मिली सरपंच द्वारा तत्काल मौके स्थल पर पहुंचकर टीम के साथ युद्ध स्तर से बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया।वहीं पीड़ित का कुशल क्षेम जानने के बाद हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ वीवा क्लब का चुनाव



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में वीवा क्लब प्रतिनिधित्व हेतु चुनाव का सम्पादन वीवा क्लब सभागार में सफलतापूर्वक किया गया। यह चुनाव यूनियन एक्जक्यूटिव सदस्यों के बीच में हुआ। चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से पारदर्शिता के साथ कराया गया, जिसमें सभी पात्र कर्मचारियों नें वोट दिया। चुनाव का परिणाम उसी दिन शाम को सभी के साथ साझा किया गया, जिसमें सौरव कुमार को जनरल सेक्रेटरी के रूप में चुना गया। साथ ही बाबूजी शर्मा(संयुक्त सचिव), अमित कुमार, सुनील गहलोत, आर्यन गौंड, बबलू मीना एवं आनंद कुमार को कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया। यह चुनाव डॉ. बीसी चतुर्वेदी, चुनाव अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा प्रणव वर्मा, उप चुनाव अधिकारी, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया। साथ ही साथ इस चुनाव को सम्पन्न कराने में पूरे मानव संसाधन टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी कर्मचारियों नें हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि कर्मचारियों चुनी हुई प्रतिनिधि यूनियन हमारे हित मे कार्य करेगी। साथ ही साथ सभी कर्मचारियों ने एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन को शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु धन्यवाद दिया।

# भोपाल में दो दिवसीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए निगम के अधिकारी

**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत मिशन अंर्तगत दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के निकायों हेतु आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्य प्रदेश भोपाल में किया गया था जिसमे नगर पालिक निगम सिंगरौली से कार्यपालन यंत्री/नोडल अधिकारी व्ही बी उपाध्याय,उपायुक्त,स्वास्थ्य अधिकारी आरपी बैस एवं स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी सम्मिलित हुए।दो दिवसीय कार्यशाला में प्रमुख रूप से स्वच्छ सर्वेक्षण 2024,कचरा मुक्त शहर हेतु स्टार रैंकिंग और वाटर प्लस के दिशा निर्देशों को विस्तार पूर्वक समझाया गया और शहर की रैंकिंग बेहतर करने के निर्देश भी दिए गए।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित की गई अपराध समीक्षा बैठक

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रूस्मतजी कॉफ्रेसिंग सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, जिला सिंगरौली, पीएस परस्ते, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, कृष्ण कुमार पाण्डेय, एसडीओपी. मोरबा , आशीष जैन, एसडीओपी चितरंगी, राहुल कुमार सैयाम, एसडीओपी देवसर तथा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीगण उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम गंभीर एवं चिन्हित सनसनीखेज अपराधिक शीर्षवार लंबित प्रकरणों के कारणों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा—निर्देश दिये जाकर लंबित प्रकरणों में सतत् अनुसंधान कराकर



शीघ्र चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी एवं नपुअ-एसडीओपी व्यक्तिगत रूप से गंभीर व चिन्हित मामलों की समीक्षा करने के निर्देश दिये गये। पूर्व वर्षों के लंबित गंभीर अपराधिक प्रकरणों की डायरियां कार्यालय तलब की गई। गंभीर एवं आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण हेतु माननीय न्यायालय में आवेदन—पत्र पेश किये जाए एवं बारंबार अपराध घटित करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गुण्ड,निगरानी फाईल खोली जाए। साथ ही ऐसे अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर एवं एन.एस.ए. की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। जेल से रिहा हुए एवं नोटिस पर छोड़े गये आरोपियों की गतिविधियों पर सतत् निगाह रखें।अज्ञात डेड बॉडी के मामलों में पुलिस मुख्यालय द्वारा विकसित किये गये सॉफ्टवेयर/एप्पस् के माध्यम से शिनाख्तगी के सार्थक प्रयास किये जाएं। पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदाय ई—विवेचना एप में विवेचना संबंधी कार्यवाहियों की लगातार फिडिंग की जाए एवं वाहन दुर्घटना संबंधी मामलों में आई—रेड एप में लंबित एन्ट्रियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से चालानी कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये गये। सी.सी.टी.एन.एस. के प्रशिक्षिण हेतु रोस्टर अनुसार थानों से कर्मचारियों को आवश्यक रूप से भेजा जाए।संपत्ति संबंधी अपराधों में थाना प्रभारी स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण करें एवं पुराने नकबजनों व संदेहियों से बारीकी से पूछतांछ करें। नाबालिक बालक/बालिका गुम होने की सूचना प्राप्त होने के तत्काल बाद 24 घण्टे के अंदर दस्तायाबी के सतत् प्रयास किये जायें। गंभीर अपराधों के प्रगति प्रतिवेदन समय पर भेजे जाए। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बीट चार्ट अपडेट करा लें एवं बीट चार्ट पु.अ. कार्यालय भिजवायें। समंस/वारंट के तामीली की समीक्षा की गई। जिसमें कर्मचारियों के समंस/वारंट किसी भी स्थिति में अदम तामील नहीं होने चाहिए, इस हेतु सख्त हिदायत दी गई। समंस/वारंट अदम तामील होने पर संबंधित थाना प्रभारी के साथ तामीलकर्ता अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

हाल ही में समंस/वारंटों की तामीली इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कराये जाने हेतु म.प्र.शासन द्वारा जारी गजट नोटिफिकेश में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायत की सतत् मॉनीटरिंग करते हुए निराकरण सुनिश्चित करायें। 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक अवधि की लंबित शिकायतों में स्पेशल क्लोज हेतु प्रतिवेदन भिजवाने के निर्देश दिये गये। थानों में लंबित शिकायतों का समय—सीमा में वैधानिक निराकरण सुनिश्चित करें।

# देवसर बाजार स्थित साहू बीज भंडार सीज

## नियम विरुद्ध तरीके से हो रहा था दुकान का संचालन

**सिंगरौली।** जिले के देवसर बाजार में स्थित संचालित साहू बीज भंडार को डीडीए ने सीज कर दिया है कांग्रेस के प्रदेश महा मंत्री रमा शंकर शुक्ला ने बीज दुकान में हो रही गड़बड़ी की शिकायत की थी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक संचालक कृषि आशीष पांडे ने जांच कराई जांच में गड़बड़ी करने की बात पुष्ट हुई इसी के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दुकान सीज कर दिया गया बताया गया कि दुकान संचालक ने किसानों को अमनाक बीच देकर एक ओर मोटी रकम ली है वहीं किसानो के साथ बहुत बड़ा धोखा किया गया कई किसान ऐसे हैं जो साहू बीज भंडार से धान सहित खरीफ सीजन की अन्य बीज लेकर बोनी किये थे लेकिन बीज अंकुरित तक नहीं हुआ।

बताया गया कि साहू बीज भंडार की शिकायत तो वैसे काफी दिनों से सामने आती रही है लेकिन इन दिनों कांग्रेसी नेता रमाशंकर शुक्ल ने इस मामले की शिकायत करते हुए बताया था कि वे, साहू बीज भंडार से खरीफ सीजन में बीज लेकर वोनी किए थे लेकिन उनके बीज में अंकुरित तक नहीं आया काफी इंतजार करने के बाद जब स्पष्ट हो गया कि बीज में अंकुर नहीं आएगा तो उन्होंने इसकी जानकारी साहू बीज भंडार संचालक संतोष साहू को दी तो दुकानदार ने किसान से विवाद करने लगा विवाद की स्थिति निर्मित होते देख किसान ने इस मामले की शिकायत उप संचालक कृषि विभाग सिंगरौली आशीष पांडे से की उन्होंने गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर कार्यवाही की है। देवसर बाजार स्थित साहू बीज भंडार को उपसंचालक कृषि विभाग सिंगरौली ने सीज कर दिया है इस कार्रवाई से अन्य बीज दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है इस कार्रवाई से माना जा रहा है कि शायद अब बीज दुकानदार किसानों को घटिया बीज उपलब्ध न कराएं। जिस तरह से साहू बीज भंडार में किसानों के साथ धोखा करने का मामला प्रकाश में आया है ऐसे में यह माना जा रहा है कि यदि इसी तरह की जांच जिले के अन्य बीज दुकानों में भी हुई तो निश्चित रूप से कई बीज की दुकानों में इसी तरह की गड़बड़ी सामने आ सकती है क्योंकि अभी तक तो दुकानदार मनमानी तरीके से अमनाक बीज किसानों को देते रहे लेकिन किसानों के साथ धोखा होने के बाद भी कभी शिकायत नहीं किया करते थे अब कांग्रेस नेता रमाशंकर शुक्ल द्वारा जिस तरह से शिकायत करने के बाद बीज दुकान पर बड़ी कार्रवाई होने की बात सामने सामने आई है इसे माना जा रहा है कि अन्य किसान भी जागरूक होंगे।

# बरका पुलिस ने आरोपी से 54 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी को भेजा जेल

**सिंगरौली।** निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली राहुल सैयाम एसडीओपी देवसर के मार्गदर्शन पर कामयाबी मिली है। जानकारी मे बताया गया कि सउनि रामजी पांडे को सूचना मिली कि ग्राम सेमरिया में रामजी साहू अपने घर के पीछे अवैध रूप से देशी प्लेन शराव विक्री करने के लिए रखा है। मुखबिर सूचना पर राहगीर



गवाहों को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया तो रामजी साहू अपने घर के पीछे खेत में 6 कार्टून में 300 पाव देशी प्लेन शराब प्रत्येक शीशी 180 एमएल की कुल 54 लीटर कीमती 21000 रुपए बिक्री करने हेतु रखा मिला। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से उक्त शराब को समक्ष गवाहनो के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही मे उनि सूरज सिंह, सउनि. रामजी पांडे, प्रधान आरक्षक माधव सिंह, आरक्षक मनीष ठाकुर, अभिषेक पांडे, फते बहादुर सिंह की भूमिका रही।

# आगनवाड़ी केंद्रों में पोषण 2.0 सक्षम आंगनबाड़ी अंतर्गत पोषण वाटिका के निर्माण हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** अगस्त से 29 अगस्त तक महिला बाल विकास विभाग सिंगरौली द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सिंगरौली राजेश राम गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिले की समस्त बाल विकास परियोजना के स्व सहायता समूह को चयनित कर प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण मे सम्मलित स्व सहायता समूहों को अमकपव ग्राफी के माध्यम से पोषक फलों एवं सब्जियों के उत्पादन तथा उन्हें बिना किसी हानिकारक रसायन का उपयोग किये बिना कीट मुक्त कैसे रखा जाए के बारे में विस्तार से बताया गया, उक्त प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक जय सिंह द्वारा प्रदान किया गया, बच्चो को पौष्टिक लंच, फल का वितरण किया गया। जिला स्तरीय स्तरीय




प्रशिक्षण में सम्मिलित स्व सहायता समूह को प्रेक्टिकल कराया गया साथ ही प्रशिक्षण प्राप्ति उपरांत प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए ।जिला स्तर पर पोषण वाटिका प्रशिक्षण के सफल आयोजन में महिला एवम बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश राम गुप्ता ,बाल विकास ग्रामीण-2 के परियोजना अधिकारी राजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समन्वयक संदीप मिश्रा, विकास खंड समन्वयक गिरिजानंद जैसवाल, विकास खण्ड समन्वयक प्रितेश सिह, अरुण मिश्रा,सहित स्व सहायता समूह के सदस्य सम्मलित रहे ।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला सशक्तीकरण हेतु सिलाई प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन का वितरण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत परियोजना प्रभावित/ समीपवर्ती जरूरतमंद ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आशादीप फाउंडेशन卐 के सहयोग से 4 माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सिद्धार्थ मण्डल द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया सिलाई प्रशिक्षण का समापन समारोह का आयोजन दिनाँक 28.08.2024 को मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली एवं विशिष्ट अतिथि वनिता समाज की अध्यक्षा




श्रीमती पीयूषा अकोटकर के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया ।

जिसमें ग्राम पंचायत चिल्काडांड, परसवार राजा, कोटा, खड़िया इत्यादि गाँवो की सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कुल 30 महिलाओं को अतिथिगण के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र, उपहार एवं सिलाई मशीन वितरित कर प्रशिक्षित महिलाओं को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख द्वारा आशीर्वचन देते हुए सभी महिलाओं व उपस्थित ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि सिलाई प्रशिक्षण एक ऐसा प्रशिक्षण हैं जिसमें महिलाओं को आत्म निर्भर बनने व स्वरोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जुड़ कर भी आर्थिक रूप से खुद को समृद्ध कर सकती हैं7 इस प्रशिक्षण में सिलाई सीखने के बाद किसी भी महिला को स्वरोजगार के इधर-उधर भटकना ना पड़े इसके लिए सभी प्रशिक्षित महिलाओं को एक-एक सिलाई मशीन भी प्रदान किया जा रहा हैं जिसका निरंतर उपयोग महिलाओं के भरण-पोषण में अत्यंत सहायक होगा। अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सिद्धार्थ मण्डल के मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन से समापन तक की रूपरेखा बनाई गई एवं महिलाओं के हित में नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं।

डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर टीम द्वारा स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अभी हाल ही में कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था एवं अभी मशरूम का प्रशिक्षण भी महिलाओं को प्रदान किया जा रहा है ताकि महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। मंच का संचालन एवं 4 माह तक प्रशिक्षण कार्यक्रम कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर) तथा सीएसआर टीम की देख-रेख में सम्पन्न किया गया ।

# छुहिया घाटी में जल्द होगा सुरंग का निर्माण : उप मुख्यमंत्री



### आराधना भारत गैस अमिलई में हुआ उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

### पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों ने की मुलाकात

**सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलई में स्थित आराधना भारत गैस अमिलई में पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जनों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि छुहिया घाटी में सुरंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। सुरंग बनने से यहां के लोगों का रीवा सफर काफी कम समय में हो जायेगा और रीवा से शहडोल आने-जाने वालों का भी काफी समय बचेगा। उन्होंने बताया कि रीवा-शहडोल मार्ग को भी बेहतर बनाने की योजना बनाई जा रही है। यातायात की बेहतर सुविधा होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। आराधना भारत गैस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बजरंग धाम कपुरी कोठार भरतपुर को पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने की जानकारी एवं फोल्डर जिले के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश पाण्डेय एवं जनपद उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा के द्वारा उप मुख्यमंत्री को सौंपकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार बजरंग धाम कपुरी कोठार भरतपुर का निरीक्षण करूंगा और जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से जहां एक ओर गांवों में पर्यटन स्थल का विस्तार होता है तो वहीं दूसरी ओर लोगों को ऐसे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की और आराधना भारत गैस के संचालक एवं सभी कर्मचारियों को बेहतर कार्य संचालन की बधाई भी दी। इस दौरान राजेश पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि डिप्टी सीएम, धीरू मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय, ऋषि मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, अरुण शेखर त्रिपाठी सभापति संचार एवं संकर्म समिति, पूर्व सरपंच देवतादीन विश्वकर्मा, रामलाल सिंह, संत कुमार चतुर्वेदी, उमा निवास मिश्रा, देवराज बैस, बीपी साहू, राजमणि द्विवेदी, गोमती मिश्रा, शिब्बू मिश्रा, विनय पाण्डेय, प्रबल त्रिपाठी, वीरेंद्र द्विवेदी, रामलाल कोल, मिर्चाई कोल, खिलाड़ी साकेत, रामकृष्ण पाण्डेय, राजा मिश्रा, अर्पित मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, हेतराम कुशवाहा, राजबहोर यादव, बृजलाल कोल, राजमणि कुशवाहा, आराधना भारत गैस अमिलई से बलराम पाण्डेय, राजकुमार सेन, रविचंद्र उर्मिलिया, रामलाल सिंह, विकास शुक्ला, पुष्पराज पाण्डेय, मो. शाहजहां आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 1060.7 मि.मी. दर्ज

### सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 अगस्त को सीधी जिले में 9.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 3.0 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 47.4 मि.मी., बहरी में 1.8 मि.मी., मझौली में 7.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1060.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 28 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 1287.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 897.0, गोपद बनास में 1183.8, सिहावल में 984.0, बहरी में 921.8, मझौली में 965.0 और कुसमी में 1186.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 535.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 525 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा का सदस्य बनना गर्व की बात: सांसद

### मड़वास मंडल के शक्ति केंद्र की बैठक में शामिल हुए सांसद



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे, संगठन पर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा धौहनी विधानसभा के मड़वास मंडल के भूमका शक्ति केंद्र में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और सदस्यता अभियान की विशेषता बताई।

शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य या कार्यकर्ता होना गर्व की बात है। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता वंचित न रहे। एक सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात 880000 2024 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम से आए हुए एसएमएस लिंक पर पूरी जानकारी भरने के भरने के पश्चात हम भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य बन जाएंगे। सक्रिय सदस्यता के लिए अलग से अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत सौ प्राथमिक सदस्य बनाने वाला व्यक्ति ही सक्रिय सदस्य बनेगा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि हम सभी को कोई भी गली मोहल्ला, समाज का कोई भी वर्ग सदस्यता अभियान से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखें। हर व्यक्ति तक सदस्यता अभियान की टोली, हमारे कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से पहुंचे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य कृष्ण लाल पयाशी के साथ-साथ शक्ति केंद्र में निवास रत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पोलिंग बूथ समितियां के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के पत्र दिनांक 27.08.2024 द्वारा सूचित किया गया है कि मण्डल द्वारा संचालित की जा रही श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. अंतर्गत सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. मुंगलिया छाप नीलबड भोपाल में मण्डल द्वारा संचालित आई.टी.आई. में कुल 08 ट्रेडो में प्रवेश प्रक्रिया का कार्य डीएसडी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त आई.टी.आई. में केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को प्रवेश दिया जाता है।

## सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। ग्राम अमिरती तहसील सिहावल जिला सीधी के भाईलाल पटेल की दिनांक 07.05.2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पत्नी इन्द्रवसुआ को 15 हजार रूपये, ग्राम भेलकीखुर्द तहसील गोपद बनास जिला सीधी के अजय रावत की दिनांक 28.12.2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पत्नी मालती को 15 हजार रूपये, ग्राम खोरी तहसील बहरी जिला सीधी के हिन्छलाल साहू की दिनांक 10.04.2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पुत्र बंशबहोर साहू को 7500 एवं संतोष साहू को 7500 रूपये, ग्राम बोकरो तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी के बाबूलाल सिंह की दिनांक 18.07.2022 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पत्नी अरूणा सिंह को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# आईईसी कैम्पेनिंग के तहत बैगा बसाहटों में लगाये जा रहे हैं कैम्प

सीधी

आईईसी कैम्पेनिंग के तहत 23 अगस्त से अनवरत बैगा बसाहटों में कैम्प लगाये जा रहे हैं। 29 अगस्त को सीधी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खाम्ह और चौफाल पवाई, रामपुर नैकिन विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुशमहर, मझौली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चमराडोल और चंदोहीडोल, कुसमी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खरबर और सिहावल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बघोर में कैम्प लगाया गया है। कैम्पों में पी.एम.जनमन रथ भी पहुंच रहा है जिसके माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कैम्प में प्रतिदिन आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र के फार्म भरे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया तथा जिन हितग्राहियों को उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें प्रेरित कर कैम्प में लाया जा रहा है। कैम्पों में आधार आपरेटर, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, ऑगनवाडी कार्यकर्ता, हल्का पटवारी व नोडल अधीक्षक उपस्थित रहते है। कैम्पों में जन प्रतिनिधियों के साथ ही जिला अधिकारी भी पहुंच रहे हैं।



## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गोष्ठी आयोजित



**सीधी।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास जिला सीधी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन कर के दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान व कालजयी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद किया गया।

कार्यक्रम के शुरुआत में डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय दिया और हॉकी के खेल के प्रति उनके जूनून की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ पंकज मिश्रा ने उपस्थित छात्रों से खेलों के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल हमें स्वस्थ तंदुरुस्त खुश रखते हुए हमें ऊर्जावान बनाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अनुराग तिवारी, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ सौरभी गुप्ता, डॉ राजेश पटेल, डॉ ज्योति रजक, श्री दीपराज प्रजापति, डॉ संध्या वर्मा, डॉ अमिता खरे, डॉ कमलेश जायसवाल, श्री प्रवीण साकेत सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र/छात्राये उपस्थित रहे।

# महर्षि अरविंद जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी द्वारा आयोजित महर्षि श्री अरविंद जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अमलेश्वर चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य , संजीव जी की अध्यक्षता एवं अजय मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी ने महर्षि श्री अरविंद जी के अध्यात्म से जुड़े विचारों को विस्तार पूर्वक बताया। महर्षि श्री अरविंद ने स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने भारत के नैतिक शिक्षा पर ज्यादा जोर दिया और योग का सर्वाधिक प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय शक्ति को प्राप्त करना ही योग है। यदि हम प्रकृति द्वारा बनाए नियम को स्वीकार कर लेते हैं तो फिर किसी नियम की आवश्यकता नहीं होती है। मुख्य अतिथि ने हम सब धरती के बेटे होने के कारण एकात्म है, कहकर बात को समाप्त किया। विशिष्ट अतिथि अजय मिश्रा ने कहा कि महर्षि श्री अरविंद जी एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। बाल्यकाल से ही उन्हें अपनी माटी से अपार प्रेम था। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। कृष्णकांत द्विवेदी ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विभिन्न महापुरुषों की जन्म जयंती जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। कार्यक्रम का कुशल संचालन आशुतोष ने तथा अतिथि सत्कार जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया ने किया। विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक द्वारा अतिथियों सहित विभिन्न विकासखंडों से आए परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के छात्र ,नवांकुर समिति के पदाधिकारियों सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया।

## प्रत्येक माह के 1 से 30 तारीख तक हितग्राहियों को खाद्यान्न का किया जाएगा वितरण

शहडोल

जिला आपूर्ति नियंत्रक शहडोल श्री विपिन पटेल ने जानकारी दी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के अंतर्गत लाभान्वित सभी हितग्राहियों को 1 अगस्त 2024 से हर माह 1 से 30/31 तारीख की अवधि में ही हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि प्रतिमाह 01 तारीख से 30/31 माह की अंतिम तारीख की अवधि में ही उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर वर्तमान माह की पात्रतानुसार खा?द्यान्न सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें । माह अगस्त 2024 का खाद्यान्न वितरण 31 अगस्त 2024 तक ही होगा । वर्तमान माह के खा?द्यान्न की पात्रता आगामी माह में नही रहेगी अर्थात पिछले महीने का नही लिया गया खाद्यान्न वर्तमान माह में पीओएस मशीन में वितरण हेतु प्रदर्शित नही होने के कारण प्रदाय नही किया जा सकेगा ।

## स्वरोजगार योजना हेतु आवेदन ऑनलाइन

**शहडोल।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण शहडोल ने जानकारी दी है कि जिले के समस्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिये मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम / स्वरोजगार योजना 2024 के आवेदन पत्र समस्त पोर्टल के द्वारा भरे जा सकते हैं एवं योजना के संबंध विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस योजनान्तर्गत स्वरोजगार, सेवा उद्यम संबंधी विभिन्न परियोजनाओं को प्रमुखता के आधार पर वित्त पोषण किये जाने का प्रावधान है।

# फिक्स वेतन न मिलने से अतिथि विद्वानों में नाराजगी

**सीधी।** प्रदेश स्तरीय गूगल मीट की गई जिसमें काफी संख्या में प्रदेश के सभी जिलों से अतिथि विद्वान जुड़े तथा अपने-अपने विचार साथ ही आगे की रूपरेखा के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का विचार सुना गया तथा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अभी फिलहाल प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत अतिथि विद्वान अपने-अपने जिलों के मंत्री विधायक साथ ही सांसद महोदय जी को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराना है की 1 वर्ष बीतने को है जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह द्वारा अपने आवास राजधानी भोपाल में बुलाकर प्रदेश के सभी जिलों से लगभग तीन हजार की संख्या बुलाकर जनता दरबार के माध्यम से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थी जिसमें तत्कालीन माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का आभार साथ ही धन्यवाद दिया गया था कि अतिथि विद्वानों का भविष्य सुरक्षित तथा फिक्स वेतन की सौगात दी गई थी कैबिनेट में बाकायदा पारित किया गया था। जिसकी घोषणा तत्कालीन वरिष्ठ मंत्री वर्तमान उपमुख्यमंत्री माननीय राजेंद्र शुक्ला द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करके बकायदा घोषणा की गई थी कि अतिथि विद्वानों को फिक्स वेतन तथा रिटायरमेंट तक नौकरी यथावत रहेगी जिसे बाद में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आदेश को गोल-मोल करके निकाल दिया गया आज दिनांक तक पूरी नहीं हुई जिससे प्रदेश के अतिथि विद्वानों में काफी नाराजगी है इस संबंध में सीधी जिला इकाई के जिला अध्यक्ष डॉ बृजेश सिंह चौहान ने बताया कि 11 सितंबर 2023 को घोषणा की गई थी माननीय तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जो एक वर्ष बीतने को है मगर घोषणाएं सिर्फ घोषणा ही रह गई। आगे डॉ श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश स्तरीय मीटिंग में जो निर्णय लिया गया है उसी के तारतमय में पहले हम सब सीधी जिला के समस्त अतिथि विद्वानों द्वारा मंत्री, विधायक एवं सांसद महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराएंगे साथ ही इन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी इनके माध्यम से अवगत कराएंगे इसके बाद जैसा भी प्रदेश शास्त्री टीम द्वारा आगे की रणनीति के लिए हम सब सीधी जिला के अतिथि विद्वानों को आवश्यक निर्देश मिलेगा हम सब उसका पालन करेंगे सीधी जिले के समस्त अतिथि विद्वान उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डॉ बृजेश सिंह चौहान, डॉ सच्चिदानंद तिवारी, डॉ बाय.पी. साहू, डॉ गौरव यादव, डॉ शशिकला पटेल, डॉ रश्मि शर्मा, डॉ अनीता तिवारी, डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला, डॉ कन्हैया प्रजापती, डॉ राजलाल पटेल, डॉ मनीष पांडे, डॉ विपेंद्र द्विवेदी, डॉ राज किशोर तिवारी, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ निशा सिंह, डॉ दीपक अग्निहोत्री, डॉ सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉ सत्येंद्र उपाध्याय, डॉ नवीन सिंह, डॉ दिलीप यादव, डॉ पुष्पेंद्र सिंह, डॉ आका सिंह तिवारी, डॉ अनीता तिवारी आदि सीधी जिले के समस्त अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस सिहावल प्रखण्ड मे संपन्न




**सीधी।** विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। मंगलम पैलेस सजवानी मे सर्व प्रथम भगवान राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित और स्वतिवचन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता कृष्णा कोल, मुख्या वक्ता गणेश सिंह जिला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार मिश्र जिला मंत्री, विभाग मन्दिर अर्चक पुरोहित अशोक शुक्ला, जिला संस्कृति प्रमुख विद्यासागर शुक्ला, मंच संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष राजन शुक्ला द्वारा किया गया। विद्यासागर शुक्ल ने प्रस्थापना मे कहा विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधनाशाला में एक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। इस सम्मेलन में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सम्मेलन में गोलवलकर ने कहा कि भारत के सभी मताबलंवियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू, हिन्दुस्तानियों के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है और यह धर्मों से ऊपर है। मुख्य वक्ता गणेश सिंह ने कहा सम्मेलन में तय हुआ कि प्रस्तावित संगठन का नाम विश्व हिंदू परिषद् होगा। 1966 के प्रयाग के कुंभ मेले में एक विश्व सम्मेलन के साथ ही इस संगठन का स्वरूप सामने आया। आगे यह फैसला किया गया कि यह गैर राजनीतिक संगठन होगा और राजनीतिक पार्टी का अधिकारी विश्व हिंदू परिषद का अधिकारी नहीं होगा। संगठन के उद्देश्य और लक्ष्य कुछ इस तरह तय किए गए हिंदू समाज को मजबूत करना। हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्द्धन और प्रचार विदेशों में रहनेवाले हिंदुओं से तालमेल रखना, हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित करना और मदद करना है। अशोक शुक्ला ने आभार प्रकट किया गया। सिहावल प्रखण्ड मे 51 पुरोहितों का अंग वस्त्र से सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में योग्य सेन गुप्ता मंदिर अर्चक पुरोहित ,अशोक गुप्ता जिला सुरक्षा प्रमुख ,दुर्गा प्रसाद पांडे प्रखंड उपाध्यक्ष सिहावल विनय तिवारी प्रखंड सह मंत्री राहुल मिश्रा प्रखंड संयोजक जय द्विवेदी नवीन उपाध्याय रमेश रमन पांडे गौरव शुक्ला सौरभ शुक्ला अनित कन्हैयालाल कोल निलेश कृष्ण कोल वरुण कोल राम कोल। विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस का कार्यक्रम बहरी प्रखण्ड मे विश्व रंजन प्रताप सिंह के आवास पर समय 3.00 बजे दोपहर संपन्न हुआ। अध्यक्षता विश्व रंजन प्रताप सिंह, मुख्या वक्ता गणेश सिंह विशिष्ट अतिथि योग्य सेन गुप्त मुख्या वक्ता द्वारा विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस पर षष्ठी पूर्ती (60 वर्ष) समापन पर विस्तार से बताया। अशोक गुप्ता, सचिन पाठक, प्रदीप गुप्ता, आदर्श पाण्डेय, सुधीर वर्मा, अंकित साहू, रमेश यादव, सुनील द्विवेदी, विनीत तिवारी रघुवीर यादव, गोकरण कुमार द्विवेदी, मोनू द्विवेदी, सुजल सेन, कृष्ण बहोर सेन, आयुष पाण्डेय प्रखण्ड बहरी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### बारूद की ढेर पर

दुनिया में कम से कम चार ऐसे संवेदनशील स्थान हैं, जहां से किसी भी समय बुरी खबर की आशंका बनी रहती है। इनमें से दो मोर्चों पर तो इन दिनों घातक युद्ध छिड़ा हुआ है। इजरायल अकेले ही कम से कम चार देशों के साथ सीधे मुठभेड़ की स्थिति में है, तो उधर रूस और यूक्रेन के बीच अंतहीन बर्बरता का सिलसिला जारी है। वैसे, बुरी खबरों से भी सावधान रहने की जरूरत है। जैसे सोमवार सुबह अचानक खबर आई कि रूस के साराटोव शहर में एक ऊंची इमारत को यूक्रेन ने ड्रोन हमले में ठीक उसी तरह गिरा दिया, जैसे 9/11 को अमेरिका में अल कायदा ने वर्ल्ड ट्रेड टावर को गिराया था। साथ ही, यह भी अफवाह फैलाई गई कि यह रूस की सबसे ऊंची इमारत है। वास्तव में, 38 मंजिल की इस इमारत पर हुए हमले में केवल एक महिला की मौत बताई जा रही है। हालांकि, जल्दी ही इस खबर ने अपना महत्व गंवा दिया। जहां यूक्रेन ने रूस पर कुछ वार किए, वहीं रूस ने यूक्रेन की कुछ जगहों पर मिसाइलों की वर्षा कर दी।अपनी नीति के अनुरूप रूस यूक्रेन पर घातक वार कर रहा है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन से साराटोव शहर जितनी दूर है, लगभग उतनी ही दूर मास्को भी है। अगर मास्को में ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, तो फिर रूस की आक्रामकता को रोकना मुश्किल हो जाएगा। सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि जरूरत से ज्यादा आक्रामक और विघ्नसंतोषी तत्व रूस में भी होंगे और यूक्रेन में भी। अगर ऐसे तत्वों ने अराजकता का थोड़ा भी प्रदर्शन किया, तो युद्ध भड़कते देर नहीं लगेगी। ठीक यही बात पश्चिम एशिया में भी लागू होती है। ताकतवर ईरान सहित लगभग आधा दर्जन देश युद्ध से दुखी और आक्रामक हैं। अनेक देशों के धैर्य की परीक्षा हो रही है। अगर इन देशों के अराजक तत्वों ने एक भी निशाना गलत लगा दिया, तो फिर युद्ध को विकराल होने से कौन रोकेगा? आज दुनिया की जो स्थिति है, उसमें विश्व स्तर पर सत्ता और अर्थव्यवस्था के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।

# थाईलैंड में चीनी प्रभाव कम करने का समय

(ओंकारेश्वर पांडेय)

भारत ने दक्षिणी थाईलैंड में इस्लामी अलगाववादियों से निपटने के लिए थाई लोगों की सहायता की, जिसके बदले थाईलैंड ने कंबोडिया में उत्पन्न होने वाले हथियारों की आपूर्ति के लिए उनकी जमीन का उपयोग करने वाले भारतीय अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की।

बैंकॉक भारतीयों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। नई दिल्ली से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक जाने में महज चार-पाँच घंटे लगते हैं। अब यदि आप बैंकॉक जाएंगे, तो वहां आपका स्वागत थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा की सरकार करेगी। भारत और थाईलैंड के संबंध हजारों साल पुराने हैं। चाहे वह व्यापार हो, सांस्कृतिक आदान-प्रदान हो, या फिर सामरिक दृष्टिकोण से जुड़ी साझेदारी हो, दोनों देशों के बीच के संबंध अद्वितीय हैं। परंतु, वर्तमान समय में, थाईलैंड का झुकाव चीन की तरफ अधिक होता दिख रहा है, जो भारत के लिए एक चुनौती हो सकती है। भारतीयों के लिए थाईलैंड न केवल पर्यटन का एक लोकप्रिय केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध गहरे रहे हैं।



पैटॉन्गटर्न, जिन्हें 'उंग इंग' के नाम से भी जाना जाता है, अपनी चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद प्रधानमंत्री बनने वाली थाईलैंड की दूसरी महिला नेता हैं। उनका चुनाव भारत के लिए उनके पिता प्रधानमंत्री थाक्सिन द्वारा स्थापित गर्मजोशी भरे संबंधों को और मजबूत करने का एक रणनीतिक अवसर है। थाई राजनीति का यह नया दौर ऐसे समय में आया है, जब भारत का व्यापक लक्ष्य दक्षिण पूर्व एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना है।

उनके राजनीतिक कॅरियर का उदय एक विशेष रूप से अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के बीच हुआ, जब थाईलैंड में संवैधानिक अदालत ने उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री स्रेथा थविसिन को एक विवादास्पद कैबिनेट नियुक्ति के कारण पद से हटा दिया।

थाईलैंड में सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता का लंबा इतिहास रहा है। 2006 और 2014 में हुए दो बार हुए सैन्य तख्तापलट ने देश की राजनीति को बुरी तरह प्रभावित किया। थाईलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री, यिंगलक शिनावात्रा, जो पैटॉन्गटर्न की चाची हैं, का कार्यकाल भी इसी अस्थिरता का शिकार हुआ। हालांकि, भारत के लिए इन घटनाओं के बीच एक रणनीतिक अवसर भी छिपा है।

थाक्सिन शिनावात्रा और भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल 2001 से 2006 के दौरान भारत-थाईलैंड संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। आर्थिक-रणनीतिक सहयोग बढ़ा। मुक्त व्यापार समझौता हुआ, और संयुक्त सैन्य अभ्यास और द्विपक्षीय नौसैनिक रक्षा सहयोग भी शुरु हुआ। समुद्री सहयोग व कनेक्टिविटी बढ़ाने के अलावा भारत, म्यांमार और थाईलैंड के बीच त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देशों में उल्लेखनीय सहयोग देखा गया।

भारत की स्वतंत्रता के बाद सन 1947-76 के दौरान भारत-थाई संबंध ठंडे रहे थे। 1970 के दशक तक थाईलैंड पर सैन्य शासकों का शासन था। 1986 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की थाईलैंड यात्रा ने इस स्थिति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1994 में शुरू हुई भारत की 'लुक ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'लुक वेस्ट' नीति ने द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम दिया। इसके बाद के वर्षों में, दोनों देशों ने अपने आर्थिक और सामरिक सहयोग को बढ़ाया। 2011 में थाक्सिन की बहन यिंगलक शिनावात्रा के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके कार्यकाल (2011-2014) के दौरान भारत और थाईलैंड के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, और व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

हालांकि, 2014 में यिंगलक शिनावात्रा को भी सत्ता से बेदखल कर दिया गया, और वह अब चीन में निर्वासित जीवन बिता रही हैं। इस बीच, थाईलैंड और चीन के संबंध मजबूत होते गए। थाईलैंड अब चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है और दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सैन्य सहयोग में भी तेजी आई है। चीन ने थाईलैंड में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बड़ा निवेश किया है, जैसे कि बैंकॉक को लाओस-चीन हाई स्पीड रेल से जोड़ने का प्रोजेक्ट। इसके अलावा, चीन ने थाईलैंड को 5त्र नेटवर्क स्थापित करने के लिए हुवावे जैसी कंपनियों के माध्यम से भी सहायता प्रदान की है।

थाईलैंड में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत ही नहीं अमरीका के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौती है। शीत युद्ध के बाद से अमरीका थाईलैंड का प्राथमिक हथियार आपूर्तिकर्ता रहा, लेकिन यह स्थान अब चीन ने ले लिया है। चीन ने न केवल थाईलैंड के रक्षा क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाया है, बल्कि थाईलैंड के साथ नियमित रूप से संयुक्त सैन्य अभ्यास भी किया है। इसके अलावा, थाईलैंड ने चीन से बड़ी संख्या में टैंक, बख्तरबंद वाहन, और पनडुब्बियाँ खरीदी हैं। चीन अब थाईलैंड का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया है। 2023 में थाईलैंड में चीन का कुल निवेश 43त्र बढ़कर 23.79 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था पर चीन के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में लगभग 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इस व्यापार में भारत का हिस्सा कम है। थाईलैंड में भारत का मुख्य निर्यात कपड़ा, रत्न और फार्मास्यूटिकल्स हैं, जबकि थाईलैंड से भारत को आयात मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोक्ता उत्पादों का है। भारत और थाईलैंड दोनों ही आसियान क्षेत्रीय मंच और एशिया सहयोग वार्ता जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक साथ काम करते हैं। भारत ने दक्षिणी थाईलैंड में इस्लामी अलगाववादियों से निपटने के लिए थाई लोगों की सहायता की, जिसके बदले थाईलैंड ने कंबोडिया में उत्पन्न होने वाले हथियारों की आपूर्ति के लिए उनकी जमीन का उपयोग करने वाले भारतीय अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की। 2006 से भारत-थाई नौसेनाओं की अंडमान सागर में प्रतीकात्मक 'समन्वित गश्त' और जनवरी 2012 में रक्षा सहयोग के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बावजूद कहीं न कहीं दोनों देशों के सुरक्षा संबंध अपेक्षाकृत अविकसित ही हैं। कुल मिलाकर थाईलैंड में भारत चीन से पिछड़ रहा है।

ऐसा तब है, जब दोनों देशों के संबंध हजारों साल पुराने हैं। थाई संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव है। थाईलैंड बौद्ध धर्म को मानता है, जो भारत से उत्पन्न हुआ है। रामायण की हिंदू कहानी भी पूरे थाईलैंड में रामकियेन के नाम से प्रसिद्ध है। लगभग 2500 साल पहले जब सम्राट अशोक ने सुवर्णभूमि में भिक्षुओं को भेजा था, तब से लेकर आजतक थाईलैंड में भारतीय पुजारियों का स्वागत किया जाता रहा है। थाईलैंड की समुद्री सीमा भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ जुड़ी है।

दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार थाईलैंड में रहने वाले लगभग 250,000 भारतीय और 25,000 से अधिक एनआरआई भारत-थाईलैंड संबंधों के जीवंत प्रतीक हैं। आज बड़े पैमाने पर भारतीय थाईलैंड की यात्राएं करते हैं। 15 से अधिक भारतीय शहरों से लगभग 400 साप्ताहिक उड़ानों के साथ सीधे जुड़े थाईलैंड में 2023 में लगभग 1.6 मिलियन भारतीय पर्यटक पहुंचे, तो चीन से 3.5 मिलियन। हालांकि 2023 में महज 0.11 मिलियन थाई पर्यटक ही भारत आये। थाईलैंड भारतीयों को तो अधिकतम 5 साल का वीजा देता है, लेकिन थाई एलीट वीज़ा चीनी नागरिकों को 20 साल तक थाईलैंड में रहने की अनुमति देता है। भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में 16.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिसमें भारत से थाईलैंड को निर्यात 5.92 बिलियन अमेरिकी डॉलर और थाईलैंड से भारत को आयात 10.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

इस असमानता को सुधारने और दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत को थाईलैंड में चीन के बढ़ते प्रभाव का संतुलन करने की आवश्यकता है।

थाईलैंड में नई प्रधानमंत्री पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा के नेतृत्व में एक नया राजनीतिक युग शुरू हुआ है। भारत के लिए यह समय महत्वपूर्ण है कि वह थाईलैंड के साथ अपने संबंधों को और गहरा करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईसा पूर्व चौथी या पांचवीं शताब्दी के भगवान बुद्ध के अवशेषों को थाईलैंड भेजकर वहां के साथ सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की कोशिश की है। लेकिन आज चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच, भारत को थाईलैंड में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए भारत को रणनीतिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक तीनों ही स्तरों पर ठोस कदम उठाने होंगे। क्या भारत थाईलैंड में पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा के नये दौर में वहां चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा के साथ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए कोई ठोस प्रयास कर सकता है? (लेखक विदेश मामलों के अध्येता, लेखक पत्रकार व कॉमनवेल्थ थॉट लीडर्स फोरम के अध्यक्ष हैं)

# वक्त के साथ चले पुलिस

(प्रभास झा)

अब देश में आए दिन जो आंदोलन या प्रदर्शन होने लगे हैं, उनमें पिछले दिनों बढ़ोतरी नजर आई है और आने वाले दिनों में ऐसे प्रदर्शन बढ़ने वाले हैं। कोलकाता से मुंबई तक और चेन्नई से श्रीनगर तक जन प्रदर्शन बढ़ने की आशंका अनेक वजहों से हो सकती है। जहां लोगों के हित प्रभावित होते हैं, वहां विरोध प्रदर्शन की स्थिति बन जाती है। राजनीतिक प्रदर्शन हो, किसानों का प्रदर्शन हो या छात्रों, चिकित्सकों, दलितों का प्रदर्शन, जहां भी हितों का टकराव होगा, जहां भी किसी वर्ग के हित प्रभावित होंगे, वहां प्रदर्शन की स्थिति बनेगी। सचेत रहना होगा। बदलते समय और समाज में लोगों की बढ़ती आकांक्षाओं या स्वार्थ की वजह से भी ऐसे प्रदर्शन लगातार बढ़ते जाएंगे।

सबसे पहले हमें यह समझना चाहिए कि जो प्रदर्शन होते हैं, उनका आकार-प्रकार क्या है? दूसरी बात, यह पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह एक मुकम्मल व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखे। यह गौर करने की बात है कि पुलिस लोगों के बीच तभी जाती है, जब आंदोलन उग्र होने की संभावना होती है। शांति भंग की स्थिति में यह पुलिस की ही जिम्मेदारी है कि वह स्थितियों को नियंत्रित करे। यह कोई व्यक्तिगत मसला नहीं है, इसे समाज व संविधान ने बाध्यकारी बना रखा है कि उपद्रव की जगह पुलिस को पहुंचना होगा, कानून-व्यवस्था को बहाल करना होगा।

बहरहाल, अगर पुलिस कम कड़ाई करे, तो भी आलोचना होती है और ज्यादा कड़ाई कर दे, तब भी आलोचक तीखे शब्दों के साथ कूद पड़ते हैं। मूकदर्शक होने और ज्यादती करने के बीच की रेखा बहुत बारीक है। पुलिस के सामने यह चुनौती शायद हमेशा रहेगी कि वह अतिवादी आरोप से बची रहे। पुलिस बनी ही इसलिए है कि हर हाल में व्यवस्था बनी रहे। उसे हमने ताकत दी है, अब उसे ऐसे काम करना चाहिए कि आरोप न लगे।

ऐसे मौके जब भी आते हैं, तो पुलिस को एसओपी (मानक संचालन प्रक्रियाओं) का इस्तेमाल करना चाहिए। पुलिस को कब क्या करना है, यह सब पहले से ही बहुत सोच-समझकर तय है। कब बल प्रयोग करना है, कितना बल प्रयोग करना है, यह सब तय है और पुलिस को हर हाल में एसओपी के अनुरूप ही काम करना चाहिए।

दूसरी बात, बल प्रयोग का सिद्धांत यह है कि पुलिस न्यूनतम मात्रा में ही बल प्रयोग करे। वास्तव में कम मात्रा में बल प्रयोग ही प्रभावी होता है। भीड़ का व्यवहार देखते हुए आचरण होना चाहिए। तीसरी बात, पुलिस को अति उत्साह से बचना चाहिए, संयम से काम लेना चाहिए। पुलिसकर्मी कई बार संयम खो देते हैं, तभी उनकी लाठी अपने अधिकारियों पर भी चल जाती है, जैसा हमने पिछले दिनों पटना में देखा है। भीड़ पर नियंत्रण से पहले पुलिस का खुद पर भी नियंत्रण होना चाहिए।

पूरे भारत में पुलिस सबसे बड़ी गलती यह करती है कि वह खुद भीड़ का हिस्सा हो जाती है। अगर बल प्रयोग करना है, तो पुलिस को भीड़ में कभी शामिल नहीं होना चाहिए। पुलिस जब भीड़ में घुलमिल जाती है, तो उसके बड़े दुष्परिणाम होते हैं। अगर वह भीड़ में घुसकर बल प्रयोग करती है, तो ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाती है। पुलिस को किसी भी तरह की हड़बड़ाहट से बचना है। मैंने देखा है, अनेक पुलिसकर्मी या जवान अपने हथियार के साथ भीड़ में घूमते रहते हैं। इससे खुद उन पर खतरा बढ़ जाता है। अराजक तत्वों या हमलावरों को भी इससे आसानी हो सकती है। बंदूकें लेकर भीड़ में घूमना अनुशासनहीनता है।

मैं जब एक जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक था, तब मैंने नेताओं या अन्य लोगों की सुरक्षा में लगे जवानों को हर शुक्रवार को परेड में बुलाना शुरू कर दिया था। कुछ लोगों ने आपत्ति भी की, पर मैंने बताया कि यह आपकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है, पुलिस का जवान अनुशासन में रहे, हमेशा तैयार रहे। ऐसा न हो कि आपकी सुरक्षा में लगा हो और चप्पल पहनकर घूमने लगे। ऐसा जवान जो तैयार नहीं है, वह आपकी क्या सुरक्षा करेगा? नेताओं व अन्य लोगों को भी यह बात समझ में आई कि मैं ठीक कर रहा हूं। एक जवान को कड़ाई से अनुशासन में रखना ही चाहिए।

पिछले बीस साल में भीड़ नियंत्रण हेतु बहुत सारे सुरक्षा उपकरण आए हैं, आधुनिक वाहन आ गए हैं, वीडियोग्राफी भी होने लगी है। बहुत सारे उपाय हैं, जिनसे भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है और जनहानि भी कम हो सकती है। दिल्ली में ही अगर आप देखिए, तो पुलिस ज्यादातर वाटर केनन का ही इस्तेमाल करती है। बदलते समय के साथ पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के नए तरीके खोजने होंगे। देश में आबादी बढ़ रही है और जगह-जगह भीड़ का आलम है, अगर कहीं उपद्रव की स्थिति बनी, तो पुलिस को इतना अनुशासनित और सुसज्जित होना ही चाहिए कि वह समय रहते हालात को अपने नियंत्रण में ले ले। भीड़ पर नियंत्रण के लिए रबर बुलेट भी आई थी, पर उपद्रवियों ने जान लिया कि इससे कोई खास नुकसान नहीं है। फिर भी जहां जरूरी हो, इस रबर बुलेट का सीमित प्रयोग करना चाहिए। न्यूनतम बल के इस्तेमाल से अगर बात बन जाए, तो इससे बेहतर कुछ नहीं।

तय है, जैसे-जैसे भीड़ बढ़ेगी, तनाव बढ़ेंगे, आंदोलन बढ़ेंगे, वैसे-वैसे आम लोगों के बीच भी सतर्कता बढ़ती जानी चाहिए। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन को प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता, लोग अपनी भावनाओं के इजहार के लिए घरों से बाहर निकलेंगे और जगह-जगह एकत्रित भी होंगे, पर लोगों को स्वयं भी कानून-व्यवस्था की चिंता होनी चाहिए। कानून हाथ में लेने की वजह से अगर एक भी व्यक्ति की जान जाती है, तो इसके लिए भीड़ या आम लोग भी दोषी हैं। मुसीबत पड़ते ही लोग अपने-अपने बचाव में लग जाते हैं, सामूहिकता खत्म हो जाती है और भगदड़ मच जाती है। ऐसी स्थिति में लोगों की भी जिम्मेदारी है कि किसी भी विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका अपने समूह पर नियंत्रण हो। समूह के नेता सभी को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित और बाध्य करें। अमन-चैन हर किसी के भले के लिए है।

हमें सावधान रहना होगा, बढ़ती भीड़ के साथ अफवाहों का भी खतरा बढ़ता जाएगा। हर किसी की दिमागी स्थिति ऐसी नहीं होती कि वह अफवाहों को समझ सके। अत- यहां भी समूह के नेताओं को ज्यादा सजग रहना चाहिए। भीड़ पर नियंत्रण की तरह ही अफवाह पर नियंत्रण भी जरूरी है। आज हम जिस दौर में रह रहे हैं, किसी भी सूचना पर अचानक से विश्वास नहीं करना चाहिए, हर सूचना को देखना-परखना पहले की तुलना में ज्यादा जरूरी हो गया है। पुलिस को ही नहीं, लोगों को भी चौकस रहना होगा। अपने देश में ही नहीं, विदेश में भी लोग सोशल मीडिया से प्रभावित होकर सड़कों पर उतर जा रहे हैं। दुनिया में कहीं भी सोशल मीडिया पर लम्बे समय तक रोक नहीं लग सकती, पर लोगों को सूचनाओं के प्रति जागरूक होना पड़ेगा।

## वर्ग पहेली 5476

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | | ■ | ■ | 7 | 8 | |
| | ■ | ■ | 9 | 10 | | | |
| 11 | 12 | | | | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | | |
| 18 | ■ | 19 | ■ | 20 | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. दादामुनिय के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में प्रसिद्ध रहे इस अभिनेता ने 13 अक्टूबर 1911 को जन्म लिया था (6)
6. टेसू को यह भी कहा जाता है (3)
7. श्रद्धापूर्वक बार-बार दोहराना (3)
9. धीमा या शिथिल करना (5)
11. घनिष्ठ मित्र (5)
13. ताप, उष्णता, प्रहार सहने की शक्ति (2)
16. भारत की पहली महिला जो विश्वसुंदरी बनी (1996)(5)
19. यह एक नदी है जो उत्तरी इटली के पूर्व में बहती है (1)
20. रक्तवाहिनी नली, रग (2)
21. विश्व की एकमात्र फिल्म जो एक पात्रीय भूमिका वाली फिल्म थी जिसके निर्माता, निर्देशक अभिनेता सुनील दत्त थे (2)
22. प्राचीन काल से चला हुआ क्रम, परंपरागत (4)

**ऊपर से नीचे**

1. शाकद्वीप की सात नदियों में से एक, पुराणानुसार महादेव द्वारा सृष्ट एक मानस-पुत्री का नाम (5)
2. आग की लपट, अग्निज्वाला (2)
3. खींचना, फूंक, चाबुक (2)
4. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
5. अस्तित्व प्रदान करना, निर्माण करना (3)
8. गुण-दोष को निश्चय करने के लिए वस्तु की परीक्षा (3)
9. मयदानव की पुत्री जो लंकापति रावण की पटरानी थी (4)
10. हाथ, पतली विष्ठा, बालिश्त (2)
12. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की प्रसिद्ध उपन्यास (3)
14. स्वच्छता, निर्मलता, सूक्ष्मता (उर्दू) (4)
15. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी पूर्वी तट पर स्थित इस देश की राजधानी जार्जटाउन थी (3)
17. खींचकर बड़ा या लंबा करना (3)
18. परछाई, प्रतिबिम्ब, सूर्य की पत्नी संज्ञा की अनुचरी (2)

### वर्ग पहेली 5475 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बो | ली | वि | या | ■ | ■ | का | बा |
| ध | मा | ल | ■ | आ | त | शी | ■ |
| हो | ■ | य | ल | गा | र | ■ | नौ |
| ना | दा | न | ■ | ■ | ह | बी | ब |
| ■ | न | ■ | हीं | ■ | ■ | घा | त |
| सा | व | न | की | घ | टा | ■ | ■ |
| फा | गु | न | ■ | रा | ल | ■ | गु |
| ■ | रू | ■ | घा | ना | ■ | शु | रू |

# ताकि पेंशन सही मायने में दे सके सामाजिक सुरक्षा

(अरुण कुमार, अर्थशास्त्री)

बुजुर्गों के लिए पेंशन एक सामाजिक सुरक्षा है। नई पेंशन योजना (एनपीएस) में चूंकि शेयर बाजार या अन्य वित्तीय संस्थानों में निवेश का प्रावधान था, इसलिए इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) जैसी सुरक्षा नहीं थी। फिर, ओपीएस में सरकार अपने बजट से पेंशन देती थी, लेकिन एनपीएस में यह प्रावधान हटा दिया गया था और बाजार में निवेश के बाद मिले रिटर्न के अनुपात में पेंशन का लाभ दिया जाता था, जो रकम अमूमन पुरानी पेंशन से कम होती थी। यही कारण है कि सरकारी कर्मी नई पेंशन योजना का विरोध व पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग कर रहे थे।

यूपीएस के लाभ-हानि को समझने के लिए पेंशन की मूल संकल्पना को समझना आवश्यक है। भारत में 1930 के दशक में 58 साल में सेवानिवृत्ति की बात कही गई और वही पुरानी पेंशन योजना का आधार भी बनी। उस समय भारतीयों की औसत उम्र 35 साल होती थी। इसका मतलब था कि बहुत कम लोग ही 58 या 60 साल से अधिक जी पाते थे। ऐसे लोगों की संख्या बमुश्किल चार-पांच प्रतिशत होती थी। इस कारण सरकार को पेंशन भी बहुत कम लोगों को देनी पड़ती थी। अब भारतीयों की जीवन-प्रत्याशा काफी बढ़ गई है और 80-85 साल तक लोग जीने लगे हैं। इसका अर्थ है कि 60 साल में सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति को अगले दो-ढाई दशकों तक सुरक्षा देने की अनिवार्यता है। यही विसंगति सरकारी खजाने पर भारी पड़ने लगी है और पेंशन नीति में सुधार की मांग होने लगी है। इस समस्या का एक निराकरण हम शिक्षकों ने कुछ वर्ष पूर्व सुझाया था।

दरअसल, हमारा मानना है कि जो लोग सरकारी सेवा में हैं, वे सेवानिवृत्ति के बाद या तो निजी क्षेत्र में काम करने लगते हैं या खुद का अपना कोई धंधा शुरू कर देते हैं। वे इतने कुशल होते भी हैं। यही कारण है कि हमने सेवानिवृत्ति की उम्र 70 साल करने की मांग की। शिक्षकों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है और अगर वे चाहें, तो अगले पांच साल के लिए भी उनकी सेवा बरकरार रखी जा सकती है। इसका फायदा कर्मियों को भी होता है और सरकार को भी। सरकार को जहां तुलनात्मक रूप से कम वर्षों के लिए पेंशन देनी पड़ती है, वहीं ज्यादा साल तक सेवा देने के कारण कर्मियों की बचत ज्यादा होती है।

इसके खिलाफ एक तर्क यह दिया गया था कि इससे बेरोजगारों के लिए अवसर घट जाएंगे, इसलिए हमने श्रमबल में सरकारी कर्मियों की संख्या बढ़ाने का भी सुझाव दिया था। दरअसल, हमारे देश में करीब 60 करोड़ लोगों के हाथों में रोजगार है, जिनमें से 1.8 करोड़ सरकारी मुलाजिम हैं, यानी कुल कामगारों में तीन प्रतिशत हिस्सा ही सरकारी कर्मचारियों का है, जबकि अन्य देशों में यह आंकड़ा छह से लेकर 10 प्रतिशत तक है। ऐसे में, अगर हम श्रमबल में सरकारी कर्मियों की संख्या बढ़ाने का काम करें, तो नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा और सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ने का कथित नुकसान भी नहीं होगा। सरकार चाहे, तो इसकी शुरुआत उन 10 लाख सरकारी पदों को भरने के साथ कर सकती है, जो इस वक्त रिक्त पड़े हुए हैं। रही बात संसाधन जुटाने की, तो इसके लिए प्रत्यक्ष कर और जीडीपी का अनुपात बढ़ाने पर काम होना चाहिए। यह अनुपात अभी सवा छह प्रतिशत ही है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन भाग?यशाली रहेगा और आपको सभी कार्य में सफलता प्राप्?त होगी। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। पिता के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना है और आपका मन काफी प्रसन?न रहेगा।

### वृषभ

आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा और आप पूरी हिम्?मत के साथ अपना काम करेंगे। आप बेझिझक अपने कार्य आराम से पूरे कर लेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर संबंध रहेंगे।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और ऊर्जा के क्षेत्र में आपका काम अच्?छा चलेगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता और गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भर होगा। आपके लिए खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए कार्य सफल होंगे और आपको लाभ होगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से हर कार्य में सफल होंगे। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

### मिथुन

आज दिन भाग?यशाली है और ध?यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। औपचारिकता में न उलझें और अपने काम पर फोकस करें। आपको जो खाना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना।

### कर्क

आज सावधानी से बिताने का है। आपका परिवार के लोगों के साथ विवाद हो सकता है। किसी के साथ आपकी तनातनी हो सकती है। कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा।

### धनु

आज दिन सफलता से भर होगा और आपके लिए दिन ज्ञान से भरा होगा। आपकी विद्या बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपके ग्रहों की स्थिति बहुत शुभ होगी और आपको सफलता प्राप्?त होने से मन प्रसन?न होगा।

### मकर

आज दिन शुभ है और आपको कहीं से लाभ मिलने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। आपके सम्?मान में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

### सिंह

आज दिन शुभ लाभ से भरा होगा और आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयास में सफलता मिलेगी और आपका मन काफी प्रसन?न रहेगा। आपके पुराने रुके हुए कार्य पूर्ण हो सकते हैं और थोड़ा खर्च करने आपको कई गुना लाभ होगा।

### कन्या

आज लाभ होगा और भाग्य की दृष्टि से दिन अच्?छा है और आपको सफलता प्राप्?त होगी। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई बीमारी चल रही थी तो वह सही हो सकती है। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। परिवार के लोगों का सहयोग मिलने की संभावना है।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आमदनी बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास सफल रहेंगे। धन की प्राप्ति से आपके कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे।

### मीन

आज लाभ होगा और आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। पत्नी पक्ष और पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मार्गी चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे दुष्यंत चौटाला, फरीदाबाद पुलिस ने काट दिया 2000 का चालान



**फरीदाबाद, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर फरीदाबाद में एक रोड शो के दौरान हेलमेट नहीं पहनने के लिए यातायात पुलिस ने जुर्माना लगाया है। पुलिस ने बताया कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के चौटाला पर मोटरसाइकिल चलाते समय सड़क सुरक्षा उल्लंघन के लिए 2000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने रोड शो में शामिल 14 मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया है। चौटाला जिस दोपहिया वाहन पर सवार थे, वह रियासत अली नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर है। जेजेपी नेता करामत अली ने गोची में एक जनसभा आयोजित की थी और चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में वहां गए थे। पुलिस ने बताया कि कम से कम 100 जेजेपी कार्यकर्ता बिना हेलमेट के बाइक चलाते देखे गए। उन्होंने कहा कि वे चालान भेजने के लिए नंबर प्लेटों की पहचान कर रहे हैं। रोड शो के दौरान कुल 15 चालान जारी किए गए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी जल्द ही 1 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देगी। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ विश्वासघात करने वालों के लिए कोई जगह नहीं होगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जेजेपी पूरी तरह से चुनावी मोड में है और इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। अजय सिंह चौटाला की अगुवाई वाली जेजेपी और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए अपने गठबंधन की घोषणा की। गठबंधन के फॉर्मूले के तहत जेजेपी 90 विधानसभा सीटों में से 70 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी की राजनीतिक मामलों की समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 2 सितंबर को होनी है, जिसमें उनकी पार्टी के अधिकांश उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे।

### लोग नियमों को अनदेखी करते हैं और उन्हें नियम तोड़ने का कोई डर नहीं है : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हिट एंड रन के बढ़ते मामलों पर बात करते हुए कहा है कि ऐसे अभिभावकों के नाम को सामने लाने और उन्हें शर्मिंदा करने की जरूरत है जो ऐसे बच्चों को गाड़ी चलाने की इजाजत दे देते हैं। उन्होंने कहा, ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के लिए जुर्माने में भारी बढ़ोतरी के बावजूद लोग नियम तोड़ रहे हैं। लोग नियमों को अनदेखी करते हैं और उन्हें नियम तोड़ने का कोई डर नहीं है। फिक्की रोड सेफ्टी अवार्ड्स एंड कॉन्क्लेव 2024 के छठे संस्करण में बोलते हुए गडकरी ने आगे कहा कि उन्होंने इंजीनियरों से कहा है कि नेशनल हाईवे के बीच या डिवाइडर के नए डिजाइन तैयार करे जिस पर से कोई पर न कर सके। उन्होंने कहा है कि ऐसे लोगों को रोकने का यही एकमात्र उपाय है। नितिन गडकरी ने डिवाइडर पार करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि देश में कुछ लोग खुद को खास समझते हैं और सड़क पार करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले हाइवे पर रैंप के प्रावधान के साथ और अधिक फुटओवर ब्रिज बनाने का भी फैसला किया है ताकि दोपहिया वाहन उनका प्रयोग कर सकें। सड़क हादसों में हर साल कई जानें भी जाती हैं। आंकड़ों के मुताबिक हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग डेढ़ लाख मौतें होती हैं। इस पर बात करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध या सांप्रदायिक दंगों और दूसरी दुर्घटनाओं से भी ज्यादा लोगों की जान चली जाती है।

### कांग्रेस झुकने तो तैयार नहीं, उद्धव मान नहीं रहे, महाराष्ट्र में एमवीए में सीट शेयरिंग पर तकरार

**मुंबई, एजेंसी।** कई दौर की बैठकों के बावजूद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पा रही है। घटक दलों में सीट की संख्या के साथ ही इन पर दावों को लेकर विवाद है। वहीं, कई सीटें ऐसी हैं, जिन पर कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी (एसपी) तीनों की दावेदारी है। आपको बता दें कि सीट बंटवारे को लेकर महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच एक माह में चार बैठकें हो चुकी हैं। पर अभी तक मुंबई की तीन दर्जन सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मुंबई में सहमति का दावा किया है, पर कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) ने इसे खारिज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) लगातार मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने का दबाव बना रही है। लगभग हर बैठक में यह मुद्दा उठता है। पर सीट बंटवारे के लिए गठित समिति के पास मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का अधिकार नहीं है। इस बारे में अंतिम निर्णय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व करेगा। लोकसभा चुनाव की तरह शिवसेना (यूबीटी) विधानसभा में भी अधिक सीटों पर दावेदारी कर रही है। पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम को पैमाना बनाकर सीट बंटवारा चाहती है। लोकसभा में कांग्रेस 17 में से 13 सीट जीतने में सफल रही थी।

# हुड्डा के मुकाबले दावेदारी ठोक रहीं शैलजा को कांग्रेस से झटका, टिकट ही नहीं मिलेगा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने का सपना देख रहे कांग्रेस सांसदों को झटका लगा है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि किसी भी सांसद को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस ऐलान के साथ ही कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, दोनों ही सांसदों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने गुटबाजी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। साथ ही शैलजा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की चुनौती दी है।

खास बात है कि यह ऐलान ऐसे समय पर आया है, जब अटकलें थीं कि हरियाणा कांग्रेस में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और शैलजा को लेकर गुटबाजी जारी है। दोनों ही नेता अलग-अलग कार्यक्रम और घोषणाएं करते भी देखे गए थे।



कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने बुधवार को कहा कि पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। बाबरिया से सवाल किया गया कि कुछ सांसद भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।' उन्होंने बताया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीट के लिए 2500 से अधिक आवेदन आए हैं जिनमें से कई लोगों के साक्षात्कार भी किए गए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि जिन विधायकों के खिलाफ जमीन पर माहौल होगा, उनके टिकट काटे जा सकते हैं। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी में थीं शैलजा और सुरजेवाला :** खास बात है कि शैलजा और सुरजेवाला को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कैंप का विरोधी माना जाता है। कुछ दिन पहले ही सैलजा ने 'पीटीआई' के विशेष कार्यक्रम '4पार्लियामेंट स्ट्रीट' में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह राज्य में काम करने की इच्छुक हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। सैलजा 5 बार लोकसभा और 1 बार राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। 2024 चुनाव में उन्होंने सिरसा से जीत हासिल की थी। ऐसा माना जा रहा था कि वह हरियाणा में कांग्रेस के सीएम फेस के लिए भी दावेदारी कर रहीं हैं राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया था, 'कैथल मेरा मंदिर...फिर सजाएंगे, फिर संवारेंगे।' सुरजेवाला अतीत में कैथल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र भी चुनाव लड़ सकते हैं तो बाबरिया ने कहा, 'हो सकता है, वो चाहेंगे तो लड़ेंगे।'

**भाजपा ने कस दिया तंज :** इस ऐलान के बाद भाजपा ने भी कांग्रेस पर तंज कसा। पार्टी ने एक्स पर लिखा, भूपेंद्र हुड्डा ने फिर अपनी चलाई, दीपेंद्र के साथ सैलजा भी निपटाई भूपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के तालाब का वह मगरमच्छ है, जिसने तालाब की सारी मछलियां खा ली हैं, लेकिन पेट अभी भी नहीं भरा है। भूपेंद्र हुड्डा ने न कभी हरियाणा को आगे बढ़ने दिया और न ही कभी कांग्रेस पार्टी में किसी अन्य नेता को। कुमारी सैलजा का पत्ता कटने के बाद अब रणदीप सुरजेवाला की बारी है, क्योंकि केंद्र हो या राज्य, कांग्रेस में सिर्फ चलता है परिवारवाद।

## गुलाम नबी आजाद अपने ही नेताओं का नहीं करेंगे प्रचार, कहा- चाहें तो वापस ले लें नामांकन

**कश्मीर, एजेंसी।** वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी को चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। खबर है कि आजाद ने संकेत दिए हैं कि वह खराब स्वास्थ्य के चलते उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे। उन्होंने यह तक कह दिया है कि अगर नेता चाहें, तो उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं। खास बात है कि कांग्रेस से अलग होने के बाद आजाद ने डीपीएपी का गठन किया था। हालांकि, शुरुआत से ही पार्टी दल बदल समेत कई झटकों का सामना करती रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आजाद का कहना है कि वह आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे।



श्रीनगर में भी एक स्थानीय एजेंसी को दिए बयान में आजाद ने उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं करने पर दुख जताया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, कुछ अप्रत्याशित हालात ने मुझे प्रचार से पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया है...। उन्होंने कहा, उम्मीदवार खुद आकलन करें कि वह मेरी मौजूदगी के बगैर आगे बढ़ पाएंगे या नहीं। अगर उन्हें लगता है कि मेरी अनुपस्थिति उनकी संभावनाओं पर असर डालती है, तो उनके पास उम्मीदवारी वापस लेने की भी आजादी है। मंगलवार को ही 13 उम्मीदवारों ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी से पर्चा दाखिल किया था। 24 सीटों के लिए 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होना है। खास बात है कि अब अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि 25 सितंबर और 1 अक्टूबर यानी दूसरे और तीसरे चरण के लिए लिस्ट जारी होंगी या नहीं। अखबार से बातचीत में [illegible] के प्रवक्ता सलमान निजामी ने कहा, आजाद साहब ने कहा है कि वह स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण प्रचार नहीं कर पाएंगे। अगर किसी उम्मीदवार को लगता है कि वह उनकी गैरमौजूदगी के चलते आगे नहीं बढ़ पाएंगे, तो वह उम्मीदवारी वापस लेने के लिए स्वतंत्र है। निजामी ने कहा, ऐसा पहले चरण के लिए है, जिसके लिए नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन शुक्रवार है।

## जनसंख्या वृद्धि दर से भी ज्यादा हुए छात्रों की आत्महत्या के मामले, डरा रही रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में छात्रों की आत्महत्या करने की दर देश में आबादी बढ़ने की दर से भी ज्यादा हो गई है। एक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली बात कही गई है। रिपोर्ट में एनसीआरबी के डेटा के आधार पर कहा गया कि यह संकट लगातार बढ़ रहा है। हर साल आत्महत्या करने वालों की दर में 2 फीसदी का इजाफा हो जाता है, जबकि जान देने वाले छात्रों की संख्या में 4 फीसदी का इजाफा हो रहा है। यह स्थिति तब है, जब आत्महत्या के बहुत से मामले तो प्रकाश में ही नहीं आ पाते। आईसी3 इंस्टिट्यूट की ओर से तैयार रिपोर्ट का शीर्षक छात्रों की आत्महत्या: भारत में बढ़ती एक महामारी है।

रिपोर्ट में कहा गया है, बीते दो दशकों में छात्रों के आत्महत्या करने के मामलों में 4 फीसदी की दर से इजाफा हुआ है। यह राष्ट्रीय औसत से दोगुना है। 2022 में आत्महत्या करने वाले कुल स्टूडेंट्स में से 53 फीसदी लड़के थे। 2021 से 2022 के बीच में पुरुष छात्रों के जान देने के मामलों में 6 फीसदी की कमी दर्ज की गई। वहीं लड़कियों के आत्महत्या करने के केसों में 7 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा भी चिंता बढ़ाने वाला है और बताता है कि किस तरह लड़कियां भी शिक्षा में अव्वल दर्जा आने को लेकर दबाव में हैं।

# अयोध्या हार चुकी भाजपा वैष्णो देवी में हुई सतर्क, कलह दूर करने में झोंकी ताकत

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टिकट वितरण के कारण आपसी कलह का सामना करना पड़ रहा है। वैष्णो देवी सीट के लिए टिकट दावेदारों के बीच कलह खुलकर सामने आ चुकी है। इससे परेशान भाजपा ने बुधवार देर रात पूर्व विधायक बलदेव राज शर्मा और रोहित दुबे के बीच सुलह कराने की कोशिश की। भाजपा को आपसी कलह के कारण ही अयोध्या में लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा था। आपको बता दें कि जब भाजपा ने 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की थी उसमें रोहित दुबे पार्टी की पहली पसंद थे। हालांकि उस लिस्ट को तुरंत वापस ले लिया गया। इसके कुछ ही घंटों के बाद दूसरी सूची जारी की गई, जिसमें रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया। चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की सूची से दुबे का नाम बाहर किए जाने से कटरा में उनके समर्थकों की नाराजदी खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने भाजपा के खिलाफ वोट देने की धमकी दी। उन्हें शांत करने के लिए भाजपा प्रमुख रविंदर रैना को कटरा ले जाया गया। बुधवार देर शाम पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि संगठन की एकता और मजबूती को दर्शाने के लिए कटरा से भाजपा नेता रोहित दुबे ने जम्मू स्थित पार्टी मुख्यालय का दौरा किया और माता वैष्णो देवी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा



उम्मीदवार बलदेव राज और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रभारी तरुण चुघ, रविंदर रैना, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, लोकसभा सांसद और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक जुगल किशोर शर्मा, सरब सिंह नाग, कुलदीप राज दुबे और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

तरुण चुघ ने पार्टी नेताओं के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की एक अनुशासित पार्टी है जो एक परिवार की तरह मिलकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब एक साथ मजबूत हैं और भाजपा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में इतिहास रचने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर को शांति और समृद्धि का उदाहरण बनाने के मिशन के साथ काम कर रही है। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन से हिल गई है। इसका करण यह है कि कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा दिए गए उम्मीदवारों की सूची में अपने नेताओं का नाम नहीं मिला। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होना है। 4 अक्टूबर को रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।

## लोगों ने कहा कि मैं वापसी करूंगी, जनता का मुझ पर यह भरोसा ही मेरी जीत है: स्मृति इरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने लोकसभा चुनाव में अपनी हार के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर बात की है। उन्होंने कहा कि अमेठी की हार का शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर विश्लेषण हो चुका है। क्या बात हुई। यह यहां नहीं बताया जा सकता। स्मृति इरानी ने कहा कि मैंने तो अमेठी में अपनी उपलब्धता रखी, जो वहां सांसद को लेकर शिकायत होती थी कि वे मिलते नहीं हैं। स्मृति इरानी ने कहा कि मैं तो दो बार अनसेफ सीटों से लड़ी हूं। मैंने 2014, 2019 या 2024 में भी टिकट नहीं मांगी। बिना मांगे ही मुझे पार्टी ने मौका दिया था। स्मृति इरानी ने अमेठी में अपनी हार को लेकर कहा कि मेरे लिए बड़ी जीत यह है कि वहां के बहुत से लोगों ने कहा कि मैं वापसी करूंगी। जनता का मुझ पर यह भरोसा ही मेरी जीत है। उन्होंने एक टॉप ऐंगल नाम के एक पॉडकास्ट में कहा कि मैं जब अमेठी गई तो वहां 4 लाख लोगों के लिए घर बनाए। साढ़े 3 लाख लोगों के घरों में शौचालय बनाए गए। ऐसे पचासों गांव



थे, जहां आजादी के बाद से अब तक सड़क ही नहीं बनी थी। मैंने 80 हजार लोगों को गैस के कनेक्शन दिलाए। उन्होंने कहा कि मेरे लिए सफलता यह है कि 50 हजार बच्चों को केंद्रीय विद्यालय में दाखिला दिलाने में मदद की। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भी चुनाव हारे थे। नरेंद्र मोदी ही अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो कभी चुनाव नहीं हारे। यही नहीं इस दौरान उन्होंने बदलते राजनीतिक नैरेटिव की भी बात की और कहा कि अब जाति को लेकर जिस तरह से बातें हो रही हैं, वह परेशान करने वाली हैं। स्मृति इरानी ने कहा कि आज यह विडंबना है कि जाति और गोत्र तक की बातें हो रही हैं। मुझसे लोग पूछते हैं कि आपने तो पारसी से शादी की है। आपके माता और पिता कौन थे। उनकी जाति और गोत्र क्या था। 240 लोकसभा सीटें ही जीतने पर नरेंद्र मोदी क्या कमजोर हो गए हैं? इस सवाल पर स्मृति इरानी ने कहा कि वह कमजोर नहीं हो सकते। मैंने उन्हें 20 सालों से देखा है। उन्होंने कहा कि अमेठी को लेकर बहुत बातें हो रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि वहां गांधी परिवार चुनाव लड़ने नहीं आया। स्मृति इरानी ने कहा कि मैंने 2019 में कांग्रेस के अध्यक्ष को हराया था। इस तथ्य को कोई मिटा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि यदि मैं अमेठी हारने वाली होती तो गांधी परिवार से कोई न कोई जरूर लड़ता।

## इंदिरा गांधी पर हमारा भी अधिकार, वह सिर्फ राहुल गांधी की दादी नहीं: कंगना रनौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनौत एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। इंदिरा गांधी पर आधारित अपनी फिल्म इमरजेंसी के रिलीज से पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को लेकर कहा है कि वह सिर्फ राहुल गांधी की दादी नहीं, देश की प्रधानमंत्री थीं। हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना ने कहा कि इंदिरा गांधी बहुत लोकप्रिय थीं। उन्होंने कहा कि सिर्फ मोदी जी को लोग भगवान का अवतार नहीं मानते, इंदिरा गांधी के साथ भी ऐसा ही था, लोग उन्हें चंडी का अवतार मानते थे। कंगना ने यह भी कहा कि वह भी इंदिरा गांधी के जीवन से सीख लेती हैं। कंगना रनौत अक्सर राहुल गांधी और नेहरू-गांधी परिवार को लेकर तीखी टिप्पणियां करती हैं। न्यूज चैनल 'आज तक' को दिए इंटरव्यू में उन्होंने ना सिर्फ इंदिरा गांधी की आपातकाल को लेकर आलोचना की, बल्कि कई सकारात्मक बातें भी कहीं। कंगना ने कहा, मैं इतनी संकुचित नहीं हूं। इंदिरा गांधी इस देश की तीन बार प्रधानमंत्री चुनी गईं। कुछ लोगों को लगता है कि वह इंदिरा गांधी की दादी थी, मुझे ऐसा नहीं लगता है। यह कहना बहुत छोटी बात है कि राहुल गांधी की दादी। सारे देश की प्रधानमंत्री थी, वह हमारा इतिहास, हमारी बुजुर्ग हैं। आप जब पूरे देश के लिए समर्पित हैं पूरे देश के हो जाते हैं आप। उन पर हमारा भी उतना ही अधिकार है। कंगना ने यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि



उन्होंने बॉलीवुड में परिवारवाद का मुद्दा उठाया, वह इंदिरा गांधी और राहुल गांधी को भी नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) की उपज मानती हैं, तो क्या इसी वजह से यह फिल्म की। कहा कि इंदिरा गांधी ऐसी शख्सियत थीं जिन्हें प्यार और नफरत बराबर मिला। कंगना ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से सीख भी लेती हैं। उन्होंने कहा, इंदिरा गांधी ने कहा कि एक इतनी लोकप्रिय नेता, हम में से कोई भी अपने अहम, अपनी सत्ता का शिकार हो सकता है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी सीख है उनके जीवन से। सांसद ने पीएम मोदी की लोकप्रियता से इंदिरा गांधी की तुलना करते हुए कहा कि जिस तरह मोदी जी को कुछ लोग भगवान का अवतार मानते हैं कंगना ने कहा, चंडी दुर्गा, इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया... लोगों ने उन्हें दुर्गा का अवतार कहा। यह पहली बार किसी नेता के साथ नहीं हो रहा है कि हम सोचते हैं कि मोदी जी राम का अवतार हैं, यह पहली बार नहीं हो रहा है।

## हिमाचल में 75 से अधिक आयु के पेंशनरों के लिए अधिसूचना जारी, कब से और कितना मिलेगा एरियर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 75 साल व इससे अधिक आयु के पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारकों को पेंशन के एरियर की अधिसूचना जारी कर दी है। इस आयु वर्ग के पेंशनरों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन का एरियर मिलेगा। वित्त विभाग की तरफ से बुधवार देर शाम जारी अधिसूचना के मुताबिक चालू अगस्त माह में ही 22.50 फीसद एरियर का भुगतान होगा। एरियर मिलने से लगभग 28 हजार पेंशन भोगियों को राहत मिलेगी। संशोधित पेंशन के एरियर के भुगतान पर करीब 450 करोड़ की रकम खर्च होने का अनुमान है। राज्य सरकार ने 75 साल अथवा इससे अधिक उम्र के पेंशनरों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन का करीब 55 फीसद का पहले ही भुगतान कर दिया था। अब इन पेंशनरों का 45 फीसद एरियर ही बकाया देय था। अधिसूचना के तहत इसमें से 22.50 फीसद का भुगतान अगस्त माह में किया जाना है। इसे मिलाकर पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारक परिवारों को 77.50 फीसद संशोधित पेंशन के एरियर का भुगतान हो जाएगा। बकाया संशोधित पेंशन के एरियर का भुगतान करने को लेकर सरकार अलग से अधिसूचना जारी करेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 15 अगस्त को देहरा में आयोजित स्वतंत्रता



दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में 75 साल अथवा इससे अधिक उम्र के पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारकों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन के एरियर के भुगतान करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए और वित्त विभाग ने यह अधिसूचना जारी की है।

**सचिवालय कर्मचारी नाराज, सरकार ने जारी किया नोटिस :** खास बात यह है कि प्रदेश सरकार को लाखों कर्मचारियों के भी लंबित डीए व एरियर की अदायगी करनी है। इसे लेकर सचिवालय कर्मचारी प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। सचिवालय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारी इस मुद्दे पर सरकार से वार्ता के लिए नहीं बुलाए जाने से नाराज हैं। कर्मचारी ड्यूटी के दौरान काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध जता रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की तरफ से कर्मचारी नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**तीन किश्तें लंबित और चौथी भी हो गई है देय :** स्वतंत्रता दिवस पर लाखों सरकारी कर्मचारियों को आशा थी कि सरकार डीए और एरियर के भुगतान को लेकर घोषणा करेगी, लेकिन देहरा में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने न तो चार फीसदी डीए का जिक्र किया और न ही एरियर के भुगतान की घोषणा की।

हालांकि इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को अगले वर्ष से चरणबद्ध तरीके से डीए-एरियर के भुगतान की बात कही थी। प्रदेश सरकार को डीए की तीन किश्त देनी है। इसमें पहली किश्त 1 जनवरी 2023, दूसरी 1 जुलाई 2023 और तीसरी किश्त 1 जनवरी 2024 से दी जानी है। इसे लेकर 12 अगस्त को मुख्यमंत्री से मिलकर मांग भी की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

# विंडीज तेज गेंदबाज स्शैनन गेब्रियलका संन्यास

● कभी हुई थी कर्टनी वॉल्श से तुलना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल (ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 59 टेस्ट, 25 वनडे और दो टी20 मैच खेले और कुल 202 विकेट लिए। गैब्रियल ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान मैंने खुद को वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए समर्पित कर दिया है। इस प्रिय खेल को उच्चतम स्तर पर खेलने से मुझे बहुत खुशी मिली है, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, सभी अच्छी चीजों का अंत होना चाहिए। आज मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।

सबसे पहले, मैं वेस्ट इंडीज के लिए खेलने के दौरान मुझे और मेरे परिवार को मिले अनगिनत आशीर्वादों और अवसरों के लिए भगवान का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। दूसरा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज के प्रशासकों, कोचों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। वर्षों से आपकी कड़ी मेहनत और समर्थन के लिए मेरे मन में जो सराहना है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। अंत में मैं अपने साथियों और उन सभी का आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मेरा समर्थन किया शीर्ष तक की मेरी यात्रा को वास्तव में विशेष बना दिया है। मेरी योजना अपने देश (त्रिनिदाद और टोबैगो), क्लब और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टीमों का उसी प्यार और जुनून के साथ प्रतिनिधित्व करना जारी रखने की है जो मैंने अपने पूरे करियर में दिखाया है। गेब्रियल ने विंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने जून 2018 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 121/13 का आंकड़ा दिया जो उनका सर्वश्रेष्ठ है। गति और उछाल पैदा करने की उनकी क्षमता इतनी प्रभावशाली थी कि उनकी वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श की तुलना की गई।

# टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे ब्रूक

● नौवें स्थान पर खिसके बाबर आज़म



**दुबई, एजेंसी।** बल्लेबाज़ों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज़ हैरी ब्रूक तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट में उन्होंने 56 और 32 रन की पारी खेलकर इंग्लैंड को सीरीज़ में 1-0 से बढ़त दिलाने में मदद की थी। जो रूट ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरक़रार रखा है, जबकि केन विलियमसन दूसरे और डैरिल मिचेल नंबर तीन पर बने हुए हैं।

ब्रूक, बाबर आज़म, स्टीवन समिथ और रोहित शर्मा को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंचे गए हैं। वहीं बांग्लादेश के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट में शून्य और 22 रन का स्कोर बनाने वाले आज़म छह स्थान लुढ़ककर नौवें स्थान पर खिसक गए हैं।



## पेरिस पैरालंपिक 2024

# पेरिस पैरालंपिक का शानदार आगाज, भारत समेत 167 देश शामिल

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पैरालंपिक 2024 का शानदार आगाज हुआ। भारत समेत 167 देशों के खिलाड़ियों में परेड के दौरान जबरदस्त उत्साह दिखा। दिलचस्प बात यह है कि खेलों के इतिहास में उद्घाटन समारोह पहली बार स्टेडियम से बाहर चैंप्स एलिसीस और प्लेस डे ला कोंकोर्ड में आयोजित हुआ। भारतीय भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ 64) और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव (एफ34) संयुक्त ध्वजवाहक रहे।



### उद्घाटन समारोह में 167 देशों की परेड

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने बताया कि 29 अगस्त को स्पर्धाओं के कारण 32 खिलाड़ियों ने उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लिया। 167 देशों की परेड में भारतीय दल के 106 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इनमें 52 खिलाड़ी और 54 अधिकारी शामिल रहे।

भारतीय दल में कुल 179 सदस्य शामिल

भारत की 84 सदस्यीय टीम पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी गए हैं। इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं।

### भारतीय दल से रिकॉर्ड पदक लाने की रहेगी उम्मीद

भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे।

चार साल पहले के इस आयोजन में भारत समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है।

भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में पश्चिम एशियाई देश साइप्रस के खिलाड़ियों का दल भी पहुंचा। चार साल में एक बार होने वाले इस खेलों के महाकुंभ के रंगारंग आगाज के मौके पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह दिखा। पेरिस के स्थानीय समयानुसार उद्घाटन समारोह 28 अगस्त की रात लगभग 8 बजे शुरू हुआ।

करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली 167 प्रतिभागी देशों की परेड के बाद पैरालंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टानगुएट ने सभी देशों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पैरालंपिक खेलों की शुरुआत और बड़ी संख्या में प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों की संख्या चुनौतियों के बावजूद कभी हार न मानने के जज्बे का जीवंत प्रमाण और खेल जगत की बेमिसाल क्रांति है। उन्होंने 4400 से अधिक खिलाड़ियों को पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा करार दिया।

### फ्रांस के राष्ट्रपति ने खेलों के शुरुआत की औपचारिक घोषणा की

उद्घाटन समारोह में इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने कहा कि पेरिस पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा करने आए 4400 से अधिक खिलाड़ी दुनिया के 1.3 अरब दिव्यांगों के प्रतिनिधि हैं।

उन्होंने कहा कि पेरिस पहुंचे 167 देशों के खिलाड़ियों का जज्बा इस बात की मिसाल है कि वैश्विक ताकतों के बीच टकराव के इस दौर में भी खेल सबको जोड़ कर रखने की क्षमता रखता है।

## 61वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज

# बेहतर टाईब्रेक से कार्तिक नें जीता अपना राष्ट्रीय खिताब



गुरुग्राम (हरियाण) एजेंसी। भारत की 61वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज का खिताब रोमांचक अंतिम राउंड के बाद आंध्र प्रदेश के ग्रांड मास्टर कार्तिक वेंकटरमन नें अपने नाम कर लिया है , छह बार के राष्ट्रीय चैम्पियन पीएसपीबी के ग्रांड मास्टर सूर्या शेखर गांगुली अंतिम राउंड के पहले भी 8.5 अंको के साथ आधा अंक की बढ़त पर थे और अगर वह अंतिम राउंड रेल्वे के हिमल गुसेन से जीत पाते तो उनका सातवाँ खिताब जीतना तय था पर अंतिम राउंड में उनकी बाजी ड्रॉ रही और वह 9 अंक ही बना सके वहीं तीसरे बोर्ड पर 8 अंको पर खेल रहे

कार्तिक वेंकटरमन नें रेल्वे के मित्रभा गुहा को पराजित करते हुए तो चौंथे बोर्ड पर नीलाश सहा नें महाराष्ट्र के सम्मेद जयकुमार शेटे को पराजित करते हुए 9 अंक बना लिया और ऐसे में टाईब्रेक के आधार पर कार्तिक नें अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीत लिया जबकि सूर्या को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा वहीं नीलाश नें पहली बार शीर्ष 3 में अपनी जगह बनाई , बड़ी बात यह रही की इस जीत के साथ कार्तिक नें विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है ।

8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर दीप्तयान घोष ,अरोण्यक घोष, हिमल गुसेन, ललित रोहित बाबू , अभिजीत गुप्ता और श्याम निखिल क्रमशः चौंथे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 8 अंको पर सबसे बेहतर टाईब्रेक के साथ एसपी सेथुरमन दसवें स्थान पर रहे ।

# एलएलसी 4 दशकों के बाद कश्मीर में वापस ला रहा है क्रिकेट एक्शन



**श्रीनगर, एजेंसी।** भारतीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारे चार दशकों के बाद कश्मीर में क्रिकेट खेलेंगे क्योंकि श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा, जो 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा। एलएलसी 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा और अंतिम चरण श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा।

फ्रेंचाइजी-आधारित टूर्नामेंट, जिसमें 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे, चार शहरों - जोधपुर, सूरत, जम्मू में आयोजित किया जाएगा और अंततः 38 वर्षों के बाद श्रीनगर में क्रिकेट की वापसी होगी। आखिरी बार श्रीनगर ने 1986 में किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, जब ऑस्ट्रेलिया ने एक वनडे मैच में भारत को तीन विकेट से हराया था। छह टीमों के बीच कुल 25 मैच खेले जाएंगे और अंतिम दो टीमें 16 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल खेलेंगी।

लीग 20 सितंबर को बरकतुल्ला खान स्टेडियम, जोधपुर में शुरू होगी, जो 27 सितंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में पहुंचेगी।

# जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम में 90 मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी

● यूएसओपन के तीसरे राउंड में पहुंचे, विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा बाहर



जोकोविच का चारों ग्रैंडस्लैम में परफॉर्मेंस

| ग्रैंडस्लैम | जीत | हार |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया ओपन | 94 | 9 |
| फ्रेंच ओपन | 96 | 16 |
| विंबलडन | 97 | 12 |
| US ओपन | 90 | 13 |

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच यूएसओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं।

जोकोविच को बुधवार रात को खेले गए दूसरे राउंड के मैच में वॉकओवर मिला। दूसरे राउंड में सर्बिया के ही लास्लो जेरे चोट की वजह से रिटायर हो गए। यह मैच जोकोविच ने 6-4, 6-4, 2-0 से जीता। यह जोकोविच की यूएसओपन में 90वीं जीत रही। जोकोविच इस जीत के साथ सभी चार ग्रैंड स्लैम में 90 से ज्यादा मैच जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। यह जोकोविच की यूएस ओपन में 90वीं जीत रही।

24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच का चौथे दौर में मुकाबला शुक्रवार को 28वीं सीड एलेक्सी पोपिरिन से होगा।

## बार-बार हो रहे थे कंन्कशन का शिकार

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट ओपनर का 26 की उम्र में संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2021 में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रेलिया के युवा ओपनिंग बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने सिर्फ 26 साल की उम्र में अपनी रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है. इस बल्लेबाज को अपने छोटे से करियर के दौरान कई बार सिर (हेल्मेट पहने हुए) पर गेंद लगी और वह अकसर कंन्कशन का शिकार हुए. इसीके चलते उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया. पुकोवस्की को एक्सपर्ट्स की समिति ने क्रिकेट छोड़ने की सलाह दी थी, जिसके बाद उन्हें यह फैसला लेना पड़ा.

वह आखिरी बार मार्च 2024 में कन्कशन का शिकार हुए थे, जब शेफील्ड शील्ड के एक मैच में रिले मेरेडिथ की गेंद उनके हेल्मेट पर जा लगी. इसके चलते उन्हें ऑस्ट्रेलिया का बाकी बचा सीजन छोड़ना पड़ा और इंग्लैंड की काउंटी टीम लीस्टरशर के साथ हुआ कॉन्ट्रैक्ट भी छोड़ना पड़ा, जो उन्हें 2024 की गर्मियों के सीजन के लिए मिला था.

पुकोवस्की ने माना कि बार-बार हेल्मेट पर गेंद लगने के चलते उन्हें शारीरिक नुकसान तो हो ही रहा था लेकिन साथ ही साथ उनकी मानसिक सेहत पर भी इसका असर हो रहा था. पुकोवस्की के खेल जारी रखने या न रखने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, क्रिकेट विक्टोरिया और स्वतंत्र मेडिकल विशेषज्ञों को मिलाकर एक पैनल गठित किया गया था, जिसने यह फैसला लिया कि उनका क्रिकेट से दूर रहना ही बेहतर है.

ऑस्ट्रेलिया के युवा ओपनिंग बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने सिर्फ 26 साल की उम्र में रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है. वह कई बार कंन्कशन का शिकार हुए थे और इसी के चलते उन्होंने यह फैसला लिया.

# विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4.6, 5.7 से हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त क्रेसिकोवा ने पेरिस ओलंपिक के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6.3, 7.5 से मात दी। किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विम्बलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं।



पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6.3, 6.4, 6.4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6.3, 7.6, 6.1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा।

जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6.7, 0.6, 6.4, 6.4, 7.5 से हराया।



# परिवार संग तिरुअनंतपुरम पहुंचे पीआर श्रीजेश का अपमान

## केरल सरकार ने बिना बताए टाल दिया 2 बार के ओलंपिक मेडलिस्ट का सम्मान समारोह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की झलक पाने को प्रशंसक जहां पलक पावड़े बिछाए रहते हैं। पेरिस ओलंपिक से पदक जीतकर स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों को सिर-आंखों पर बैठाया जा रहा है, लेकिन केरल की माकपा सरकार पर यह बात बिल्कुल फिट नहीं बैठती। उनके लिए शायद ओलंपिक पदक विजेता की कोई अहमियत ही नहीं है, नहीं तो उसके अधिकारी एक नहीं, बल्कि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश का 'अपमान' क्यों करते।

खबर के मुताबिक, 26 अगस्त 2024 को पीआर श्रीजेश को तब शर्मसार होना पड़ा, जब वह परिवार समेत अपने घर कन्नूर से 485 किलोमीटर का सफर कर केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम पहुंचे। तिरुअनंतपुरम में सोमवार 26 अगस्त 2024 को श्रीजेश का सम्मान समारोह होना था। पीआर श्रीजेश और उनका परिवार रविवार 25 अगस्त 2024 को कन्नूर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे।

### खाली हाथ घर लौटे पीआर श्रीजेश

इस बीच, शनिवार 24 अगस्त 2024 की रात अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थगित करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने श्रीजेश को इस बारे में सूचित नहीं किया। पीआर श्रीजेश को राजधानी पहुंचने पर ही कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी मिली। इस घटना के बाद ओलंपियन ने अपने परिवार के साथ घर लौटने का फैसला किया।

### पीआर श्रीजेश का प्रतिक्रिया देने से इनकार

'मातृभूमि' ने श्रीजेश के हवाले से लिखा, 'मैं अभी इस स्थिति पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता हूं।' इस बीच, इस घटना को लेकर पिनाराई विजयन सरकार के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी के अनुसार, चूंकि श्रीजेश शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक हैं, इसलिए हॉकी खिलाड़ी के लिए सम्मान समारोह आयोजित करना विभाग की जिम्मेदारी है।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौरा जारी

इससे पहले शिक्षा मंत्री ने ऐलान किया था कि सम्मान समारोह शनिवार 24 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, लेकिन बाद में कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था। वहीं, खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि ओलंपिक पदक विजेता को सम्मानित करने की मुख्य जिम्मेदारी राज्य के खेल विभाग की है। इसी असहमति के कारण, मुख्यमंत्री कार्यालय ने कथित तौर पर हस्तक्षेप किया और कार्यक्रम को स्थगित करने का फैसला किया।

इससे पहले, इस आयोजन के तहत शिक्षा विभाग में एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को नौकरी देने की भी योजना बनाई गई थी।

मूल रूप से 24 अगस्त के लिए तय इस कार्यक्रम को बाद में 26 अगस्त के लिए टाल दिया गया था, लेकिन आखिरकार फिर उसे स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के बीच अहंकार की लड़ाई के कारण श्रीजेश का अपमान किया गया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मुकाबलों के लिए चयनित हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी

## जिला स्तरीय जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का सफल समापन



**पन्ना।** जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर, और सीनियर जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के उभरते हुए खिलाड़ियों को न सिर्फ मंच प्रदान करना था, बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका भी देना था। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। सब-जूनियर बालक वर्ग में विराज शर्मा ने 22 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इसी तरह, सब-जूनियर बालिका वर्ग में श्रावणी बिड़ला ने 20 कि.ग्रा. और दिव्या अहिरवार ने 40 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग में, पीयूष विश्वकर्मा 56 कि.ग्रा., दिव्यांश साहू 44 कि.ग्रा., रंजीत कुमार पटेल 69 कि.ग्रा., मनीष विश्वकर्मा 48 कि.ग्रा., और रचित अहिरवार 48 कि.ग्रा. ने अपने-अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। जूनियर बालिका वर्ग में अदिति गुप्ता ने 57 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने उत्कृष्टता का परिचय दिया। सीनियर बालिका वर्ग में, हर्षिता विश्वकर्मा और रीनादेवी लोध ने अपने अद्वितीय प्रदर्शन से स्वर्ण पदक हासिल किए इनके प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि पन्ना जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 10वीं राज्य स्तरीय जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता राजगढ़ के लिए किया गया है, जो 1 सितंबर 2024 से 3 सितंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी। इन खिलाड़ियों से राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। चयनित खिलाड़ी अपने-अपने वजन वर्ग में पन्ना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में लॉरेंस एटेस अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजेन्द्र खरसोदिया अध्यक्ष मध्य प्रदेश जु जित्सु संघ, रोहणी कलम सचिव मध्य प्रदेश जु जित्सु संघ, हर्षिता विश्वकर्मा संचालक सेल्फ ड़िफेंस एकेडमी पन्ना, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हैल्थ क्लब, मनोज केशरवाली समाजसेवी, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना और बलराम सेन ने विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। पहलवान सिंह ने कहा कि यह जिला स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक मजबूती को बढ़ाती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास करती है।

इरफान खान मुख्य प्रशिक्षक और राष्ट्रीय रेफरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, जिला स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना एवं सेल्फ ड़िफेंस एकेडमी पन्ना के खिलाड़ियों ने जिस तरह से अपनी मेहनत और कौशल का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। हमें गर्व है कि पन्ना जिले के ये सभी खिलाड़ी अब वीं राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाएंगे। विजेन्द्र खरसोदिया अध्यक्ष मध्य प्रदेश संघ ने जानकारी देते हुए कहा कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से पन्ना जिले के सचिव इरफान खान, महिला प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा ने जु जित्सु खेल प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आयोजन समिति ने इस बात पर जोर दिया कि जिले में ऐसी प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने और उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के अवसर मिल सकें। ऐसे आयोजनों से पन्ना जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का समापन एक नई उम्मीद के साथ हुआ है। पन्ना जिले के ये युवा खिलाड़ी अब 10 वीं राज्य स्तरीय जु जित्सु प्रतियोगिता 2024 में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय देंगे।

# पार्षद के उप निर्वाचन के लिए पांच एवं जपं सदस्य के लिए चार अभ्यर्थियों ने दाखिल किए नामांकन

**पन्ना**

त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों में रिक्त विभिन्न पद पर उप निर्वाचन अंतर्गत आगामी 11 सितम्बर को मतदान होगा। इसके लिए आज अंतिम दिवस तक पार्षद पद के लिए पांच अभ्यर्थियों और जपं सदस्य के लिए चार अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए हैं।

नगर परिषद अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 माधौगंज वार्ड के लिए भारतीय जनता पार्टी से चार अभ्यर्थियों क्रमशः करिश्मा, मालती, लीला यादव और सीमा यादव तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से पूनम साहू ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि जनपद पंचायत गुनौर के वार्ड क्रमांक 14 में रिक्त जपं सदस्य के लिए चार महिला अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें क्रमशः अनीता, मल्लू, जड़ाबाई और संतोषी देवी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोही में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए 11 तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सारंगपुर में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए 9 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए हैं।

पलोही में अभ्यर्थी दद्दू राजा, अर्चना राजा, सुनीता, राजेन्द्र सिंह, इन्द्रपाल सिंह, राघवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, दुरग सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह एवं चन्दन सिंह द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है, जबकि सारंगपुर में अभ्यर्थी रूपलाल, सखी बाई, राजकुमार प्रजापति, धनीराम, ब्रजेश, मूलचन्द्र प्रजापति, सुशील कुमार, गोपाल प्रसाद और रामरतन द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। अजयगढ़ जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्ड में पंच के रिक्त चार पद पर प्रत्येक वार्ड से मात्र एक-एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। इसी तरह गुनौर जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्ड में रिक्त पंच के 20 पद पर 10 वार्डों में प्रत्येक में एक-एक नामांकन प्राप्त हुए, जबकि शेष 10 वार्डों के लिए किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अभ्यर्थियों से 21 से 28 अगस्त तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। 29 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से प्राप्त नामांकन की संवीक्षा की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। नाम वापसी के तुरन्त पश्चात प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

## 31 अगस्त को मनाया जाएगा विमुक्ति दिवस

**पन्ना।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 31 अगस्त का दिन सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इस मौके पर विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति समुदाय के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अगस्त, 2024 की राशन सामग्री प्राप्त न करने वाले परिवारों को एसएमएस से करें सूचित

**पन्ना।** भारत सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रस्तावित मेपर्स रिपोर्ट की संशोधित एसओपी के अनुसार पात्र परिवारों को राशन सामग्री के आवंटन माह (1 से 31 तारीख) में ही वितरण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। अभी तक राशन प्राप्त करने से शेष रहे परिवारों को राशन वितरण किया जाना है। अगस्त माह के आंवटन के विरुद्ध राशन प्राप्त करने से शेष परिवारों को 31 अगस्त 2024 तक राशन प्राप्त करने हेतु उनके मोबाईल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी प्रदान की जाए। हितग्राही अपना राशन अपनी पात्रता पर्ची अथवा वन नेशन वन राशनकार्ड के तहत किसी भी उचित मूल्य दुकान से 31 अगस्त तक प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी समस्या अथवा जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0755-2551475 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अमानत एवं शुल्क राशि निर्धारित

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की गत दिवस संपन्न हुई बैठक में पारित निर्णय अनुसार मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेण्डर, कंसनट्रेटर एवं फाउलर बेड के उपयोग के लिए अमानत राशि एवं शुल्क का निर्धारण किया गया है, जिसके तहत ऑक्सीजन सिलेण्डर की अमानत राशि दो हजार रूपए व प्रतिदिन शुल्क 100 रूपए, कंसनट्रेटर की अमानत राशि पांच हजार रूपए एवं प्रतिदिन शुल्क 200 रूपए तथा फाउलर बेड की अमानत राशि पांच हजार रूपए एवं प्रतिदिन शुल्क 200 रूपए प्रति मरीज उपलब्धतानुसार निर्धारित किया गया है।

## शिक्षक दिवस के मौके पर होंगी शैक्षिक संगोष्ठी

**पन्ना।** शिक्षक दिवस के आयोजन के मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रौद्योगिकी का उपयोग और आनंदमयी शिक्षण विषय पर विकासखंड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी होगी। इसी श्रृंखला में जिला स्तरीय संगोष्ठी में प्रारंभिक शिक्षा के लिये प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता तथा योगदान विषय पर संगोष्ठी होगी। राज्य स्तर पर होने वाली संगोष्ठी में भारतीय परिदृष्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता तथा महत्व विषय पर चर्चा होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को इन संगोष्ठियों में अधिक से अधिक सहभागिता किये जाने के निर्देश दिये हैं। संगोष्ठी 4 सितम्बर को होंगी।

# जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई प्रि-सिटिंग बैठक

**पन्ना**

राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भावना साधौ के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश सह सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में बुधवार को एडीआर सेन्टर में बीमा कम्पनी तथा आवेदकों के अभिभाषकगण के मध्य प्रि-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।



जिला न्यायाधीश द्वारा लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक में उपस्थित बीमा कम्पनी के अभिभाषकों से सालसा द्वारा प्रतिकर राशि के संबंध में जारी नवीन गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई जाकर प्रपोजल तैयार कराए गए। बीमा कम्पनी से सहमति प्राप्त होते ही समस्त प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए निराकरण किया जाएगा।

प्रि-सिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अभिभाषकगण एम.एल. अवस्थी, अशोक शर्मा, कमलेश राजपूत, धर्मेन्द्र कुमार सेन, कृपाशंकर पाण्डेय, अमित कुमार सेन, रोशन तिवारी, राजेश तिवारी सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह, पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक, शशांक चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# चिकित्सालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें : मुख्य सचिव

**शहडोल।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने के निर्देश प्रदेश के सभी अधिकारियों और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेजों और प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाप, मरीज, मरीजों के परिजनों तथा सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होनें निर्देश दिए हैं कि मेडिकल कालेज और चिकित्सालयों में चिकित्सक, मरीज, मरीज के परिजन और पैरामेडिकल स्टाप सहज और सुरक्षित रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मेडिकल कालेज डीन, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेडिकल कालेजों एवं चिकित्सालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था की सतत मानीटरिंग करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मेडिकल कालेजों और चिकित्सालय परिसरों में सीसीटीव्ही एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालयों में महिलाओं के लिए शैचालयों की अलग व्यवस्था होनी चाहिए। सभी सीसीटीव्ही कैमरे चालू रहने चाहिए। उन्होनें निर्देश दिए कि मेडिकल कालेजों और चिकित्सालयों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति का गठन सभी जिलों में तत्काल कराएं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज और चिकित्सालयों में लगे सुरक्षा कर्मियों का पुलिस विभाग द्वारा चरित्र सत्यापन कराएं। वीडियो कान्फ्रेसिंग में मुख्य सचिव ने राजस्व महा अभियान, जल जीवन मिशन, गौसंरक्षण पीएमजनमन, सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेसिग में कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ल, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन श्री अनुराग शर्मा, कलेक्टर डॉ केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक, डीन मेडिकल काजेल डॉ गिरीष बी रामटेके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ जीएस परिहार, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संजय कोल को ट्राईसाइकिल मिलने से चलना हुआ आसान

**शहडोल।** जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत अल्हरा के ग्राम उमरगढ निवासी श्री संजय कोल दिव्यांग होने के कारण उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी होती थी। श्री संजय कोल ने ग्राम पंचायत कार्यालय में ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि पैरो से दिव्यांग होने के कारण मुझे आने-जाने में काफी समस्याए होती, मुझे इलेक्ट्रीक ट्राइसाइकिल प्रदान कराया जाए। जिस पर श्री संजय कोल के दस्तावेजों का परीक्षण कर जनपद पंचायत ब्यौहारी में आयोजित दिव्यांग शिविर के दौरान इलेक्ट्रीक ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। श्री कोल ने कहा कि मुझे इलेक्ट्रीक ट्राइसाइकिल मिल जाने से आने-जाने व अपने कार्यों को करने में किसी भी प्रकार की समस्या नही आती है मै हर कार्यों को समय में पूर्ण कर लेता हूं। उन्होंने इलेक्ट्रीक साइकिल मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

**शहडोल**

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार एवं विशेष पिछडी जनजातियों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उददेश्य से प्रांरभ किया गया है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और कौशल विकास जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने पर केंद्रित है।

इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार एवं विशेष पिछडी जनजातियों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत ग्राम पटासी, शहडोल नगर पुरानी बस्ती, आकाशवाडी के पास, पुरानी बस्ती में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के घरों बिजली के मीटर लगाए गए तथा पक्की सड़क का निर्माण कराया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभान्वित भी किया गया।

# राजस्व महाअभियान के शेष दिवसों में निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन कर प्रगति लाएं: कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि राजस्व महाअभियान के शेष दिवसों में राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी महाअभियान की गतिविधियों के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और प्रदेश में पन्ना जिले की रैंकिंग में सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित करें। महाअभियान के दौरान खसरा लिंकिंग सहित ई-केवायसी एवं नागरिक सेवाओं व राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का राजस्व अधिकारी प्रतिदिन मॉनीटरिंग कर प्रगति से अवगत कराएं। इसके लिए प्रत्येक दिन सायं नक्शा तरमीम और दिन में ई-केवायसी सहित अन्य कार्य चालू रखें। जिला कलेक्टर ने गत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक टीएल बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे रिपोर्ट की जानकारी लेकर गिरदावरी कार्य के लिए कुछ तहसीलों में सर्वेयर को प्रशिक्षित करने के लिए कहा। साथ ही समस्त एसडीएम को कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने नलजल योजना अंतर्गत खोदी गई सड़कों के मरम्मत, गौशालाओं में गौवंश के निरंतर व्यवस्थापन, जले एवं खराब विद्युत ट्रांसफर्मर में सुधार या बदलने संबंधी कार्य की प्रगति सहित अवमानना याचिकाओं की समीक्षा की। साथ ही केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत प्राथमिकता से मुआवजा वितरण कार्य संपादित करने तथा रेलवे लाइन में अवार्ड वाले ग्रामों में मुआवजा वितरण का शेष कार्य पूर्ण करने और सात ग्रामों में पूरक अवार्ड की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शेष 21 प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के समस्त दस्तावेजों में एकरूपता सुनिश्चित कर विद्यालय अथवा संकुलवार तिथि निर्धारित कर शिविर के माध्यम से छात्रवृत्ति के प्रकरण निराकरण के निर्देश दिए गए। इस कार्य में समस्त शिक्षकों और संस्था प्रमुख को भी पाबंद करने तथा विद्यालयवार लंबित प्रकरणों की जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता परखने और अधोसंरचनात्मक कार्यों में सुधार के संबंध में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट से अवगत कराने के लिए कहा। ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।




किलेक्टर ने कहा कि पात्र वंचित परिवारों को अगस्त माह के शेष दिवसों में वर्तमान माह का अनिवार्य रूप से खाद्यान्न वितरण किया जाए। साथ ही आगामी सितम्बर माह की 8, 9 एवं 10 तारीख को नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन वितरण सुनिश्चित करें। समस्त एसडीएम को निर्धारित विरतण तिथि के पूर्व सीडिंग कार्य सुनिश्चित करने और खाद्यान्न उठाव कार्य की मानीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि नियत तिथि के बाद राशन वितरण में अनियमितता पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए निर्धारित व्हाट्स एप ग्रुप पर राशन वितरण की फोटो डालने के लिए भी कहा। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर एवं पवई से वन व्यवस्थापन कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली और अविलंब विज्ञप्ति जारी कर 90 दिवस में दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण निकायवार पेंशन हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कार्य के लिए कर्मचारियों को पाबंद कर तत्काल अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही विशेषकर नगरीय निकायों में कार्य की प्रगति अत्यंत न्यून होने पर एवं प्रगति नहीं बढ़ने की स्थिति में वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी भी दी। सीएमओ को नगर पालिका एक्ट के प्रावधान अनुसार नगरीय क्षेत्र में चिन्हांकित जर्जर भवन गिराने की कार्यवाही तथा रहवासियों के व्यवस्थापन के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य निरंतर संचालित रखने, पौधरोपण महाअभियान के तहत रोपे गए पौधों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित कर निर्धारित समयावधि पर वायुदूत एप पर द्वितीय फोटो अपलोड करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, बोवनी की स्थिति, संक्रामक रोगों से बचाव की तैयारी, पेयजल स्त्रोतों की निगरानी इत्यादि के संबंध में भी चर्चा की गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 30 अगस्त 2024



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को सूचीबद्ध कर व्यवस्थित ढंग से संधारित किए जाने के निर्देश दिए।



# रीवा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाएंगे : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी जाँच एवं उपचार शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। इसके साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास की आवश्यकता है। रीवा में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, मेडिकल कालेज तथा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर की जा रही हैं। रीवा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाया जाएगा। शासकीय क्षेत्र और निजी क्षेत्र के अस्पताल मिलकर रोगियों को बेहतर उपचार सेवाएं देंगे। हर व्यक्ति को समुचित शिक्षा और अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार मिलने पर ही क्षेत्र में आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर द्वारा मिलकर किया गया है।

समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रोग के उपचार से बेहतर है कि समय पर जाँच कराकर हम बीमार होने से बचें। रीवा में फरवरी माह में संभाग भर के एक लाख व्यक्तियों की कैंसर संबंधी जाँच की गई। इनमें से 40 रोगी चिन्हित कर उन्हें समुचित उपचार दिया गया। मार्च माह में लगभग 50 हजार व्यक्तियों की स्वास्थ्य की जाँच निःशुल्क की गई जिनमें बड़ी संख्या में विटामिन डी की कमी तथा खून की कमी के रोगी चिन्हित कर उन्हें उपचार दिया गया। रीवा में तीसरा शिविर अरविंदो अस्पताल के सहयोग से लगाया जा रहा है। इससे गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों को निःशुल्क जाँच और उपचार की सुविधा मिलेगी। साथ ही अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के मार्गदर्शन का लाभ मेडिकल कालेज और सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को भी मिलेगा। अरविंदो अस्पताल के संचालक डॉ विनोद भण्डारी ने स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए जो सुझाव दिए हैं उनको लागू करने के लिए मेडिकल कालेज के डीन प्रस्ताव बनाएं।

समारोह में विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि निःशुल्क उपचार की सुविधा समाजसेवा का सबसे महानतम कार्य है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से रीवा को स्वास्थ्य सेवाओं के रूप में अनूठा उपहार मिला है। उप मुख्यमंत्री जी रीवा ही नहीं पूरे प्रदेश के विकास के सारथी हैं। समारोह में श्री अरविंदो अस्पताल के संचालक डॉ विनोद भण्डारी ने कहा कि रीवा में अरविंदो हास्पिटल का 75वां शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में आधुनिक उपचार सुविधाओं से युक्त चार बसों के माध्यम से कैंसर तथा अन्य रोगों की जाँच एवं उपचार की सुविधा दी गई है। शिविर में चिन्हित गंभीर रोगियों को अरविंदो हास्पिटल निःशुल्क उपचार की सुविधा देगा। हमारा हास्पिटल रीवा में स्तन कैंसर की जाँच के लिए सेंटर बनाने, गर्भस्थ शिशु की जाँच, उपचार तथा फीडल सर्जरी के लिए प्रशिक्षण तथा सहयोग देगा। शासकीय अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षण के लिए स्तन कैंसर की जाँच की सुविधा रीवा को दी जाएगी।

समारोह में अरविंदो हास्पिटल के सीईओ तथा बेरियाट्रिक एवं रोबोटिक सर्जन डॉ महक भण्डारी ने कहा कि हमारा परिवार सेवाभाव से रोगियों का उपचार कर रहा है। हमारे परिवार में एक छोटे से क्लीनिक से 1980 में उपचार सेवा शुरू की। 2020 में इंदौर में मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जिसमें मेडिकल कालेज, डेंटल कालेज, नर्सिंग कालेज, फिजियोथेरेपी सेंटर तथा टेक्नीशियनों के प्रशिक्षण के लिए सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ 1600 बिस्तरों का हास्पिटल है। हमारी चार चलित मेडिकल इकाईयों में कैंसर रोग की जाँच तथा उपचार, आँखों के उपचार, नवजात शिशिओं की जाँच तथा स्तन कैंसर की जाँच और उपचार के लिए सुविधा उपलब्ध हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात है। रीवा आयोजित शिविर में हमारे अस्पताल के डॉक्टरों सहित 156 व्यक्ति अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी। समारोह में सभी आमंत्रितों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आईजी एमएस सिकरवार, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ नरेश बजाज, डॉ राहुल मिश्रा, श्री राजेश पाण्डेय, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा रोगियों के परिजन उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से दो बालकों की हुई नेपाल वापसी



**रीवा।** नेपाल के रहने वाले दो बालक अपने परिजनों को बिना बताए घूमने के लिए भारत आ गए थे। मुम्बई में घूमने के बाद दोनों बालक भटककर सतना पहुंच गए। सतना में दोनों बालकों को पुलिस ने बरामद कर रीवा स्थित हरि बाल गृह में आश्रय के लिए भेजा। गत दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला ने हरि बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय न्यायाधीश श्री शशांक खरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, लीगल डिफेंस काउंसिल के सहायक श्री अनीस पाण्डेय तथा हरि बाल गृह के अधीक्षक सुनील चौधरी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नेपाल के दो गुमशुदा बालकों की बाल गृह में होने की जानकारी मिली। न्यायाधीश श्री भिलाला ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दोनों बालकों को उनके माता-पिता के पास भेजने की व्यवस्था के निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के प्रयासों से 28 अगस्त को दोनों बालकों को हरि बाल गृह से नेपाल प्रत्यावर्तित करने के लिए दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली में दोनों बालकों के अभिभावकों को सौंपा जाएगा। जिनके साथ दोनों बालक नेपाल जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से दो गुमशुदा बालकों की अपने घर नेपाल वापसी होगी।

# अटल कृषक उत्पादक सहकारी संस्था के चुनाव का कार्यक्रम तय

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एमबी ओझा ने अटल कृषक उत्पादक सहकारी संस्था नष्टिगवां के संचालक मण्डल के चुनाव का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार 2 सितम्बर को महिला पदों के निर्धारण के लिए संचालक मण्डल की बैठक की सूचना जारी की जाएगी। चुनाव के लिए 6 सितम्बर को आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा। नामांकन पत्र 13 सितम्बर तक प्राप्त किए जाएंगे। इनकी जाँच 14 सितम्बर को होगी। नामांकन पत्रों की वापसी तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 15 सितम्बर को किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। विशेष साधारण सम्मेलन में 21 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। इसी दिन मतगणना भी होगी। शेष बचे पदों पर वृत्तिक संचालकों के संयोजन की कार्यवाही 22 सितम्बर को की जाएगी। रिक्त स्थानों के लिए 23 सितम्बर को नामांकन प्राप्त कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 24 सितम्बर को होगा।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई में श्रमिकों की संतानों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**रीवा।** सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा भोपाल में संचालित श्रमोदय आदर्श आईटीआई में पंजीकृत श्रमिकों की संतानों के लिए वर्ष 2024-25 में आठ ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। संस्था में प्रवेश के लिए न्यूनतम 14 वर्ष की उम्र तथा 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी विद्युतकार, टेक्नीशियन मैकाट्रोनिक्स, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, वेल्डर, फैशन डिजाइनिंग एण्ड टेक्नॉलाजी, आईओटी/स्मार्ट सिटी, सिविल इंजीनियरिंग, असिस्टेंट एवं इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन ट्रेड में डीएसडी पोर्टल के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान स्तर पर सीएलसी राउण्ड हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाइस फिलिंग एक नवम्बर तक की जा सकती है। तत्पश्चात पहले आओ पहले पाओ के तहत नवीन रजिस्ट्रेशन/च्वाइस फिलिंग की तिथि 7 सितम्बर से 10 सितम्बर तक निर्धारित है।

# बंसल समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा में आयोजित बंसल समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह समाज एकता के सूत्र में बंधकर अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से करता है। मैं हमेशा इस समाज के हित के लिए तत्पर रहूँगा।



सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, संबल योजना, निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजनाओं के माध्यम से गरीब तबके के लोगों को लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। यह सरकार गरीबों की सरकार है और उनके समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बंसल समाज के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, प्रकाश सोनी चिंटू, राजगोपाल मिश्रचारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# ईव्हीएम का रेण्डमाइजेशन तीन सितम्बर को

**रीवा।** नगरीय निकाय तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। इनके लिए मतदान 11 सितम्बर को ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए ईव्हीएम की जिला निर्वाचन अधिकारी लेबल रेण्डमाइजेशन तीन सितम्बर को सुबह 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत जवा एवं त्योंथर के अध्यक्ष को रेण्डमाइजेशन के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रीवा**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को सूचीबद्ध कर व्यवस्थित ढंग से संधारित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखागार में नक्शों का मिलान कर सभी दस्तावेजों का सारणीकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अभिलेखागार प्रभारी सहित अन्य पदस्थ कर्मचारियों को व्यवस्थित ढंग से रिकार्ड रूम में अभिलेख संधारण न करने पर कड़ी फटकार लगाई तथा उनके वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले तथा एसएलआर लाखन सिंह उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल का आज करेंगे शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 30 अगस्त को रीवा में अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह प्रातः 11.30 बजे अपोलो हास्पिटल परिसर रतहरा रीवा में आरंभ होगा। रीवा, सीधी और सतना समेत विंध्य के मरीजों को उपचार की आधुनिकतम सुविधाएं अब रीवा के अपोलो अस्पताल में मिलेंगी। इस संबंध में अपोलो हास्पिटल के प्रतिनिधि अंकुर खरे ने बताया कि अस्पताल में जनरल मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु एवं बाल चिकित्सा, ऑर्थोपेडिक्स, पैथोलॉजी, क्रिटिकल केयर (आईसीयू) की सुविधा है, इसके अलावा स्पाइन सर्जरी, जनरल सर्जरी, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, जोड़ एवं प्रत्यय रोपण फार्मेसी, स्टॉक एंड ट्रामा यूनिट, सिटी स्कैन, फिजियोथैरेपी, टीकाकरण, स्पॉट इंजरी समेत मरीजों के इलाज की बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में आमंत्रित अतिथियों के साथ अपोलो हास्पिटल के सीईओ श्रीराम अय्यर भी उपस्थित रहेंगे।

# रिटर्निंग आफीसर तैनात

**रीवा।** मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के प्रावधानों के तहत अटल कृषक उत्पादक सहकारी समिति नष्टिगवां के चुनाव के लिए बीएल कनौजी उप ऑडिटर को रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने बताया कि श्री कनौजी को समिति के संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। इसका चुनाव 24 सितम्बर को होगा।

# उप मुख्यमंत्री ने पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित दुकानों के आवंटन आदेश दुकानदारों को प्रदान किए



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहर के सिरमौर चौराहा में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत निर्मित दुकानों के आवंटन आदेश 19 दुकानदारों को प्रदान किए। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि अब यह दुकानदार अपनी पहले से बड़ी नवनिर्मित दुकानों में अपना व्यवसाय करेंगे। पूर्व में इनकी दुकानें छोटी थीं। अब इनको बड़ी व दो मंजिल की दुकानें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों के चेहरे में विस्थापन के बाद भी प्रसन्नता के भाव दिख रहे हैं। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि चार सितम्बर से पूर्व दुकानों के अधूरे कार्य तथा उनके सामने सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कराएं।

उल्लेखनीय है कि सिरमौर चौराहे में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत पूर्व में दुकानों का विस्थापन कर न्यू मार्केट का निर्माण कराया गया था। दूसरे चरण में 19 दुकानों का निर्माण कराकर दुकानदारों को पुरानी दुकानों के स्थान पर नवीन दुकानें प्रदान की गई हैं। राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान गुढ़ विधायक श्री नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे सहित नगर निगम के अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# भैरव मंदिर गुढ़ तथा उससे संबद्ध अन्य कार्य नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करें : शुक्ल

## भैरव मंदिर गुढ़ के समीप गौवंश वन्य विहार की स्थापना की जाएगी : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि भैरव मंदिर गुढ़ के जीर्णोद्धार का कार्य नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही लैंडस्केपिंग व परिसर को भव्य बनाने के अन्य कार्य भी इसी समय तक पूरे हो जाएं ताकि नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इन कार्यों का लोकार्पण कराया जा सके।



राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भैरव मंदिर गुढ़ के जीर्णोद्धार कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस ऐतिहासिक मंदिर का भव्य पुनरूद्धार कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण करें तथा मंदिर परिसर को आकर्षक और सुंदर बनाने के अन्य कार्य भी पूरे कराएं ताकि पर्यटक व श्रद्धालु यहाँ की भव्यता व मनोरम दृश्य को देख सकें। उप मुख्यमंत्री ने गुढ़ इन्डस्ट्रियल एरिया में पानी पहुंचाने के कार्य के भी नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भैरवनाथ मंदिर के समीप रिक्त भूमि में गौवंश वन्य विहार की स्थापना की जाएगी और इसे बसामन मामा गौवंश वन्य विहार की तरह विकसित किया जाएगा। उन्होंने प्रस्तावित भूमि में फेंसिंग कार्य कराकर शेड निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए तथा गौवंश वन्य विहार का मास्टर प्लान बनाने की बात कही। बैठक में गुढ़ विधायक श्री नागेन्द्र सिंह ने बताया कि गौवंश वन्य विहार की स्थापना इस क्षेत्र के लिए वरदान होगी। इसके बन जाने से बेसहारा गौवंश को संरक्षण मिलेगा तथा किसानों की खेती भी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि राजस्व भूमि के अतिरिक्त रिक्त वन भूमि भी इस क्षेत्र में है जो गौवंश के चारागाह के उपयोग में ली जा सकती है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जानकारी दी कि भैरव बाबा मंदिर के समीप गौवंश वन्य विहार निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है।

बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, कार्यपालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833